हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, बुधवार 22 जुलाई 2026

तापमान

अधिकतम 28.8 डिग्री

न्यूनतम 25.3 डिग्री

11 अल्टीमेटम बेअसर, महाराजबंध, नरैया ...



12 स्कूली बाइकर्स के साथ ओवरलोड आटो भी ...



## खबर संक्षेप

### सड़क पर वाहन पार्किंग हीरापुर रिंगरोड में कार्रवाई

**रायपुर।** सड़क को पार्किंग बनाने वाले वाहनों के खिलाफ हीरापुर रिंगरोड-2 एवं बिलासपुर मार्ग पर लगातार दूसरे दिन भी विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े ट्रक एवं ट्रेलरों के विरुद्ध ई-चालान किए गए तथा सड़क अवरोध उत्पन्न करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 285 के अंतर्गत नियमानुसार कार्रवाई की गई। ऐसे वाहन चालकों को पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से समझाइश भी दी गई। उन्हें बताया गया कि सड़क पर वाहन खड़े करने से यातायात बाधित होता है, दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ती है तथा आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है। वाहन चालकों से अपील की गई कि वे स्वेच्छा से अपने वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर हटाएं।

### नशीली टेबलेट बेचने वाले दो बदमाश गिरफ्तार



**रायपुर।** बीमारी में उपयोग आने वाली दवाईयों को नशा करने वालों को बेचने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खम्हारडीह के चंडी नगर में सुनील बघेल एवं सचिन महानंद को पकड़कर उनसे 459 नग नशीली टेबलेट जब्त की गई है। आरोपियों ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि ये दवा वे ओडिशा से लाकर क्षेत्र के नशेड़ियों के बीच खपाते थे। बरामद दवा की कीमत 1.83 लाख रुपए आंकी गई है। उनके खिलाफ धारा 21(बी), 22 नारकोटिक्स एक्ट का अपराध थाना खम्हारडीह में दर्ज किया गया है।

### उधारी के झगड़े में दो पक्षों में जमकर मारपीट

**रायपुर।** उधार की रकम पर उपजे विवाद पर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। खमतराई के धनलक्ष्मी नगर में रहने वाले दिनेश रजक ने शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी पवन सिंह एवं लव सिंह ने मिलकर उससे मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पिटाई के बाद भी आरोपियों का मन नहीं भरा तो उन्होंने प्रार्थी की गाड़ी की हेडलाइट भी तोड़ दी। आरोपियों ने दिनेश को भी चेताया कि पैसा वापस नहीं करने पर बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। मामले में खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### छह साल से फरार हिस्ट्रीशीटर पकड़ाया

**रायपुर।** हत्या के प्रयास, बलवा, नकबजनी, चोरी, मारपीट, तोड़फोड़, शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाना, आर्म्स एक्ट, आबकारी एक्ट, नारकोटिक्स जैसे दो दर्जन से अधिक मामलों में लिप्त आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले 6 साल साल से स्थायी वारंटी के रूप में जगह बदल-बदलकर फरारी काट रहा था। उसकी आपराधिक गतिविधि को ध्यान में रखते हुए तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश पुलिस अफसरों को दिए गए थे। विशेष अभियान के दौरान आरोपी संजय रक्सेल के बारे में महत्वपूर्ण सूचना मिली। इस आधार पर छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने की अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की गई।

### मेडिकल कालेज से एसी का कॉपर पाइप चोरी

**रायपुर।** मोवा स्थित बालाजी मेडिकल कालेज में चोरी हो गई। शिकायत दर्ज कराई गई है कि चोर कालेज कैंपस के भीतर लगे एसी के आउटडोर यूनिट का कॉपर पाइप काटकर ले गए। इस चोरी में दो लोगों के शामिल होने का संदेह है। मोवा थाने की पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की है।

जगदलपुर में शिक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई, रायपुर में भी प्रक्रिया प्रारंभ

# अटैच शिक्षकों सहित प्यून-लिपिक पर कार्रवाई, 24 भार मुक्त
# रायपुर में कलेक्टर को खत-आप ने रखा, आप ही हटाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

जगदलपुर शिक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कार्यालयों में संलग्न प्राचार्य व व्याख्याता शिक्षकों के साथ-साथ प्यून और लिपिक को मूल स्थान में भेजने का आदेश जारी कर दिया है। वहीं स्कूल शिक्षा ने रायपुर कलेक्टर को पत्र भेजकर अटैचमेंट समाप्त करने को कहा है। इन कर्मचारियों की भर्ती विद्यालय में सेवा देने के लिए हुई थी। विद्यालय के स्थान पर ये जिला शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा मिशन सहित जिले के विकास खंड के दफ्तरों में लबे समय से सेवा दे रहे थे। ऐसे कर्मचारियों को उनके मूल पद स्थान पर भेजने का निर्देश जारी कर दिया है। अब इन सभी कर्मचारियों को अपना मूल काम करना होगा।

बस्तर के जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल ने बताया कि लंबे समय से पदस्थ ऐसे 24 कर्मचारियों के साथ प्राचार्य सहित दो व्याख्याताओं को भी कार्यमुक्त कर दिया है। उन्हें निर्देश दिया है कि अब वे अपना मूल काम के दायित्वों को निभाएंगे। ऐसा पहली बार हुआ, जब ऐसे कर्मचारियों की तनख्वाह उनके मूल पद से जारी होती थी और उनका कार्य स्कूलों में न रह कर कार्यालयों में होता था। जिले में हुई इस कार्रवाई के बाद अब स्कूलों में प्यून, लिपिक अपना मूल काम कर सकेंगे।

## अन्य जिलों में भी तैयार हो रही सूची, नतीजे सुधारने पर फोकस

### ऑनलाइन उपस्थिति के कारण सख्ती

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा एक जुलाई से ऑनलाइन हाजिरी अनिवार्य कर दी गई है। शैक्षणिक स्टाफ सहित गैर-शैक्षणिक स्टाफ को भी उसा स्थान से ही हाजिरी लगानी होगी, जहां उनकी मूल पदास्थापना है। अटैचमेंट वाले स्थान से हाजिरी नहीं लगाई जा सकेगी। ऐसे में जब अटैचमेंट खत्म नहीं होगा और वे मूल विभाग में नहीं जाएंगे, उन्हें वेतन नहीं मिलेगा। सूत्रों के अनुसार, अन्य जिलों में भी शिक्षा कार्यालय द्वारा अटैचमेंट सूची मंगाई जा रही है। यहां भी जल्द ही बड़ी कार्रवाई की तैयारी है। उपस्थिति के अलावा अवकाश संबंधित सूचना या स्वीकृति भी ऑनलाइन कर दी गई है।



### डीपीआई में 12 का तबादला

इधर, राजधानी रायपुर में भी अटैचमेंट संबंधित कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। जिला शिक्षा कार्यालय और विभिन्न स्कूलों से 12 व्यक्ति डीपीआई में पदस्थ थे। नियमतः इनका अटैचमेंट समाप्त कर इन्हें मूल विभाग में भेजा जाना था, लेकिन इन्हें इनके मूल विभाग से डीपीआई में ट्रांसफर कर दिया गया है। जिला शिक्षा कार्यालय से 10 से अधिक अधिकारियों व कर्मचारियों को उनके मूल विभाग में भेजा गया है। जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा सभी विद्यालयों को खत जारी कर प्राचार्यों से कहा गया है कि वे संस्थान में कार्यरत अटैचमेंट वाले शिक्षकों अथवा ▶▶| शेष पेज 11 पर

प्रमोशन के बाद प्राध्यापकों की पोस्टिंग, एसोसिएट और असिस्टेंट प्रोफेसरों का पता नहीं

# खुल गए नए मेडिकल कालेज, सीटें मिलीं, पर बड़ा सवाल- पढ़ाएगा कौन, शिक्षक कहां हैं?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

काफी कोशिशों के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग ने कबीरधाम, जांजगीर-चांपा, मनेन्द्रगढ़, जशपुर और दंतेवाड़ा के शासकीय मेडिकल कालेजों को इस साल शुरू करने के लिए अनुमति हासिल कर ली है, मगर वहां एडमिशन लेने वाले एमबीबीएस के विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए चिकित्सा शिक्षकों की भर्ती करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। इन कालेजों में प्राध्यापकों की व्यवस्था करने के लिए एसोसिएट से प्रोफेसर बनाए गए दो दर्जन डाक्टरों की नियुक्ति इन नए कालेजों में की गई थी, मगर महीनेभर बीतने के बाद भी ज्वाइनिंग में सफलता नहीं मिली। असिस्टेंट प्रोफेसर की पदोन्नति नहीं होने की वजह से यहां एसोसिएट प्रोफेसर पदस्थ नहीं किए जा सके हैं। वहीं सीजीपीएससी से सीधी भर्ती की प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण सहायक प्राध्यापकों को भी नए कालेज नहीं भेजा जा सका है। सूत्रों का कहना है कि इन ▶▶| शेष पेज 11 पर

*राज्य में पांच नए कालेजों की 50-50 सीटों को एनएमसी से मान्यता तो मिल गई है, मगर वहां पढ़ाने वाले शिक्षकों की व्यवस्था चिकित्सा शिक्षा विभाग के सामने बड़ी चुनौती बनी हुई है। प्रमोशन का लाभ लेने वाले प्रोफसरों की वहां पोस्टिंग की गई है, मगर एसोसिएट और असिस्टेंट प्रोफेसरों का पता नहीं है। निराश करने वाली बात यह भी है कि फैकल्टी के इंतजाम के लिए देशभर से चिकित्सा शिक्षकों का आवेदन बुलाने का ट्रिक भी कारगर होता नहीं दिख रहा है।*

### शिक्षा की गुणवत्ता और स्वास्थ्य व्यवस्था पर असर

मेडिकल सीटों की अनियंत्रित वृद्धि केवल विद्यार्थियों की शिक्षा की गुणवत्ता ही नहीं, बल्कि देश की स्वास्थ्य व्यवस्था को भी प्रभावित करती है। हम सीट वृद्धि के विरोध में नहीं हैं, लेकिन यह वृद्धि एनएमसी के निर्धारित मानकों, पर्याप्त फैकल्टी, अस्पताल, मरीजों की उपलब्धता और आवश्यक संसाधनों के अनुरूप होनी चाहिए। नए मेडिकल कॉलेज खोलने में जितनी राशि खर्च की जा रही है, उसके आधे निवेश से ही वर्तमान संचालित मेडिकल कॉलेजों को आधुनिक संसाधनों, पर्याप्त फैकल्टी, उन्नत इंफ्रास्ट्रक्चर और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण से सशक्त बनाया जा सकता है।

- डा. रेशम सिंह, प्रदेश अध्यक्ष, जूनियर डाक्टर्स एसोसिएशन सीजी

### अधोसंरचना का काम भी आधा-अधूरा, पांच कालेजों को मिली हैं 50-50 सीटें


नए मेडिकल कालेजों में शिक्षकों की भर्ती बड़ी चुनौती, देशभर से मंगाए आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राज्य में प्रस्तावित पांच नए शासकीय मेडिकल कालेजों में चिकित्सा शिक्षकों की संविदा भर्ती ओपन कर दी गई है। इसके लिए देशभर के चिकित्सा शिक्षकों से आवेदन मंगाए गए हैं। शिक्षकों की व्यवस्था के लिए कंसल्टेंट कंपनी को जिम्मेदारी दी गई है। बिना शेड्यूल जारी इस भर्ती प्रक्रिया को ऑनलाइन तरीके से

35 प्रोफेसर सहित 149 विभिन्न पदों पर भर्ती

इंटरव्यू सहित पूरी प्रक्रिया होगी ऑनलाइन

इन पदों पर भर्ती

6 जुलाई 2026 को प्रकाशित समाचार

### व्यवस्था की जा रही है

हाल ही में पदोन्नत होकर प्राध्यापक बने शिक्षकों को इन कालेजों में पदस्थ किया गया है। आने वाले दिनों में एसोसिएट और असिस्टेंट प्रोफेसरों की नियुक्ति की जाएगी। इसके लिए विभिन्न तरीके से प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

- डा. यूएस पैकरा, संचालक चिकित्सा शिक्षा

### सीजी के टॉपर्स के खाते में आएगी जेएनएम, सिम्स जैसे बड़े कालेजों की सीट

*ऑल इंडिया कोटे से सीट आवंटन के बाद सीजी के टॉपर्स के खाते में रायपुर के जेएनएम और बिलासपुर से सिम्स जैसे सरकारी मेडिकल कालेज आएंगे।निजी कालेजों में पढ़ाई करने वाले एक विशेष वर्ग को छोड़ दिया जाए तो ज्यादातर राज्य के तीन-चार मेडिकल कालेज में सीट पाना चाहते है। नीट सीजी का परीक्षा परिणाम लाने चिकित्सा शिक्षा विभाग के अफसर दिल्ली जाएंगे। नीट का रिजल्ट आने के बाद अब कालेजों में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू होने का इंतजार किया जा रहा है जो संभवतः अगले माह प्रारंभ होगा। इसके लिए एनएमसी शेड्यूल जारी करेगी। पहले ऑल इंडिया कोटे की सीट पर एडमिशन होगा और उसके पीछे राज्य स्तर स्टेट एवं मैनेजमेंट कोटे की सीट पर प्रवेश देने काउंसिलिंग की जाएगी। इसके पहले नीट में राज्य स्तर पर सफलता पाने वाले परीक्षार्थियों का परिणाम लाया जाएगा। जानकारों का कहना है कि ज्यादातर अभ्यर्थियों की पहली पसंद रायपुर का जेएनएम मेडिकल कालेज होता है। इसके बाद बिलासपुर के सिम्म, राजनांदगांव, जगदलपुर के मेडिकल कालेजों को प्राथमिकता दी जाती है। इस बार रायपुर औरप जगदलपुर* ▶▶| शेष पेज 11 पर

## आबकारी आरक्षक की नौकरी लगी, ज्वाइन नहीं किया 29 की नियुक्ति निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ आबकारी विभाग में 200 आबकारी आरक्षकों की भर्ती के तहत चयनित 29 अभ्यर्थियों की नियुक्ति निरस्त कर दी गई है। आबकारी आयुक्त कार्यालय ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति आदेश जारी होने के बाद निर्धारित समय सीमा में कार्यभार ग्रहण करने का अवसर दिया गया था, लेकिन उनके उपस्थित नहीं होने के कारण उनकी नियुक्ति समाप्त की गई है।




- 200 पदों पर चयन हुआ था, तय समय में कार्यभार ग्रहण नहीं करने पर आबकारी आयुक्त का आदेश

आदेश के अनुसार आबकारी आरक्षक भर्ती-2026 के तहत 200 पदों पर नियुक्ति के लिए 23 अप्रैल 2026 को आदेश जारी किया गया था। इसके बाद 26 मई 2026 को कुछ अभ्यर्थियों को अतिरिक्त समय भी दिया गया, लेकिन इसके बावजूद 29 चयनित अभ्यर्थियों ने विभाग में ज्वाइन नहीं किया। इस स्थिति में विभाग ने सभी 29 अभ्यर्थियों के नियुक्ति आदेश निरस्त करने का निर्णय लिया।

### 29 अभ्यर्थियों की सूची भी जारी

आदेश के साथ उन सभी 29 अभ्यर्थियों के नाम, आवेदन क्रमांक, पता तथा संबंधित जिले की सूची भी जारी की गई है, जिन्होंने निर्धारित अवधि में कार्यभार ग्रहण नहीं किया। विभाग ने इन्हें नियुक्ति का पर्याप्त अवसर दिए जाने का उल्लेख करते हुए नियुक्ति निरस्त करने की कार्रवाई की है। इन नियुक्तियों के निरस्त होने के बाद आबकारी आरक्षक भर्ती में 29 पद रिक्त रह गए हैं। आदेश में आगे की भर्ती प्रक्रिया या प्रतीक्षा सूची (वेटिंग लिस्ट) से नियुक्ति के संबंध में कोई निर्देश नहीं दिया गया है।

## 27 से महाविद्यालयों में पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर दाखिले, बीएड फिर बाहर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में दाखिले की प्रक्रिया जारी है। पं. रविशंकर शुक्ल विवि अध्ययनशाला और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में भी दाखिले जारी हैं। जिन छात्रों के नाम प्रथम और द्वितीय मेरिट लिस्ट में आए हैं, उन्हें दाखिले के लिए कैंपस बुलाया गया है। यदि ये छात्र 26 जुलाई तक संबंधित कॉलेजों में प्रवेश नहीं लेते हैं, तो 27 जुलाई से प्रवेश सभी के लिए खोल दिए जाएंगे। छात्रों को पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर एडमिशन दे दिए जाएंगे। यदि किसी कोर्स के लिए रिक्त सीटों से अधिक आवेदन मिलते हैं, तब उस स्थिति में मेरिट लिस्ट के जरिए निर्णय होगा। ऑन स्पॉट काउंसिलिंग वाले छात्रों को तुरंत ही दाखिले की प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार, जुलाई अंत तक ही कॉलेजों में प्रवेश होंगे। इसके बाद 14 अगस्त तक कुलपति की विशेष अनुमति ▶▶| शेष पेज 11 पर

- व्यापम 16 जुलाई को जारी कर चुका है बीएड प्रवेश परीक्षा के परिणाम

### टास्क फोर्स गठित

*बीए, बीकॉम, बीएससी जैसे परंपरागत पाठ्यक्रमों के इतर बीएड-डीएलएड जैसे प्रोफेशनल कोर्स में काउंसिलिंग के लिए अभी भी छात्रों को इंतजार करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि बीएड और डीएलएड पाठ्यक्रमों के लिए काउंसिलिंग राज्य शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा पूर्ण की जाती है।बीते सत्र में यह निर्णय लिया गया था कि इसकी काउंसिलिंग भी उच्च शिक्षा विभाग अन्य पाठ्यक्रमों के साथ ही कराएगा। इसके लिए टास्क फोर्स भी गठित की गई। अंतिम निर्णय ना हो पाने की स्थिति इस बार भी एससीईआरटी ही इसकी काउंसिलिंग करेगा। उच्च शिक्षा विभाग के काउंसिलिंग शेड्यूल से इसे पुनः बाहर कर दिया गया है।*

### अगले वर्ष से बदल सकती है व्यवस्था

संभावना जताई जा रही है कि अगले शैक्षणिक सत्र से बीएड और डीएलएड की काउंसिलिंग उच्च शिक्षा विभाग करेगा। प्रदेश में 147 महाविद्यालयों में बीएड की पढ़ाई होती है। इनमें से सिर्फ 4 ही सरकारी हैं। प्रदेश में बीएड की 14,500 सीटें हैं। दूसरे डीएलएड का संचालन 89 महाविद्यालयों में हो रहा है। इनमें से 18 सरकारी हैं। डीएलएड की छग में 6700 सीटें हैं। व्यावसायिक परीक्षा मंडल बीएड पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा के परिणाम 16 जुलाई को जारी कर चुका है। इसके बाद अब काउंसिलिंग शेड्यूल जारी होने का इंतजार छात्र कर रहे हैं।

2.25 लाख के तीन लैपटॉप बरामद

## आरपीएफ की मुस्तैदी से सुरक्षित मिला यात्री का बैग

**रायपुर।** रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल, आरपीएफ ने रेल मदद शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक यात्री का प्लेटफॉर्म पर छूटा बैग सुरक्षित बरामद कर लिया। बैग में तीन लैपटॉप समेत अन्य कीमती सामान रखा था। आरपीएफ के अनुसार 19 जुलाई की सुबह 3.24 बजे रेल मदद के माध्यम से सूचना मिली कि प्लेटफॉर्म नंबर-5 पर एक यात्री का काले रंग का बैग छूट गया है। शिकायतकर्ता अमन तिवारी से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि वे ट्रेन संख्या 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस से रायपुर से मिर्जापुर जा रहे थे। ट्रेन में सवार होने के दौरान उनका बैग प्लेटफॉर्म पर छूट गया, जिसमें तीन लैपटॉप, चार्जर, कपड़े और अन्य निजी सामान रखा था। ट्रेन के रवाना होने के बाद प्लेटफॉर्म ▶▶| शेष पेज 11 पर



## सक्रिय है मानसून... जुलाई के 21 दिनों में राज्य में 11 इंच बारिश, बिलासपुर जिले पर ज्यादा मेहरबानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बेहद कम वर्षा के साथ जून की विदाई के बाद जुलाई में मानसून सक्रिय है। बीते 21 दिनों में राज्य में 11 इंच बारिश हुई है और सबसे ज्यादा प्रभाव बिलासपुर जिले पर हुआ है। मंगलवार को राजधानी में झमाझम के बाद जुलाई में वर्षा का आंकड़ा 380 मिमी. तक पहुंच गया है। हालांकि यह सामान्य वर्षा से 22 प्रतिशत कम है। राज्य में अभी वर्षा की गतिविधि जारी रहने के आसार हैं और ज्यादा ▶▶| शेष पेज 11 पर

- राज्य में बारिश का दौर जारी, ज्यादा प्रभाव बिलासपुर संभाग में रहने के आसार

### मंगलवार को राजधानी में दो घंटे की झमाझम



**यहां है सिस्टम :** मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर श्रीगंगानगर, रोहतक, हमीरपुर, सीधी, रांची, दीघा और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर पूर्व मध्य प्रदेश और उसके आसपास मौजूद है। दूसरा ऊपरी ▶▶| शेष पेज 11 पर

मुंबई-हावड़ा रेल कॉरिडोर पर संचार टावरों की स्थापना लगभग पूरी

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों मंडलों में चल रहा काम, कई सेक्शन में जल्द होगी कमीशनिंग

# 238 इंजनों में लगा 'कवच', दुर्ग-मांढर सेक्शन में तैयारी, सितंबर से लोको ट्रायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन को और मजबूत बनाने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में स्वदेशी ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। रेलवे के अनुसार जोन के 2,430 रूट किलोमीटर नेटवर्क पर कवच प्रणाली लागू किया जाना है। परियोजना के तहत अब तक 238 लोकोमोटिवों में कवच के ऑनबोर्ड उपकरण लगाए जा चुके हैं, जबकि संचार अवसंरचना विकसित करने का कार्य भी प्रगति पर है। ▶▶| शेष पेज 11 पर





### कवच का काम तेजी से आगे बढ़ रहा

*दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में स्वदेशी ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। जोन के 2,430 रूट किलोमीटर नेटवर्क पर कवच प्रणाली लागू किया जाना है। परियोजना के तहत अब तक 238 लोकोमोटिवों में कवच के ऑनबोर्ड उपकरण लगाए जा चुके हैं।* - शेख रहमान, सीपीआरओ

### बिलासपुर-चांपा सेक्शन में फील्ड परीक्षण पूरा

बिलासपुर मंडल में बिलासपुर-रायगढ़ 132 रूट किमी सेक्शन पर कवच की एसआईएल-0 कमीशनिंग की योजना बनाई गई है। बिलासपुर-चांपा सेक्शन में फील्ड परीक्षण पूरा हो चुका है और जुलाई माह में कमीशनिंग प्रस्तावित है। वहीं अन्य सेक्शनों में ऑटोमेटिक सिग्नलिंग का कार्य पूरा होने के बाद कवच प्रणाली की कमीशनिंग की जाएगी।

### दुर्ग से मांढर के बीच इस वर्ष कवच प्रणाली होगी लागू

रेलवे से मिली जानकारी मुताबिक रायपुर मंडल के दुर्ग-मांढर 49 रूट किमी सेक्शन में चालू वित्तीय वर्ष के दौरान कवच प्रणाली लागू करने की योजना है। दुर्ग-रायपुर सेक्शन में आरएफआईडी टैग लगाने का कार्य पूरा हो चुका है। रेलवे ने सितंबर तक लोकोमोटिव ट्रायल शुरू करने और इसी माह इस सेक्शन में कवच प्रणाली की कमीशनिंग का लक्ष्य निर्धारित किया है।

# एडवांस में पैसे देने पर ही सरकारी विभागों को मिलेगी बिजली, विभागवार दिए गए कोड

## माह के अंत तक सभी विभागों को तीन-तीन माह का बिल देना होगा एडवांस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

प्रदेश के सरकारी विभागों को बिजली लेने के लिए अब एडवांस में पैसा देना होगा। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने इसके लिए तैयारी पूरी कर ली है। प्रदेश के करीब डेढ़ लाख सरकारी कनेक्शनों के लिए विभागवार अलग-अलग ग्रुप बनाकर उनको एक कोड दिया गया है। अब इस माह के अंत तक सभी विभागों को तीन-तीन माह का बिल एडवांस में देना होगा। इसी के साथ अगले माह से सरकारी विभागों के कनेक्शन एक तरह से प्रीपैड हो जाएंगे। अब एडवांस में पैसा देने की योजना लागू होने पर सरकारी विभागों के बकाया से पॉवर कंपनी को मुक्ति मिल जाएगी। सरकारी विभागों पर इस समय साढ़े तीन हजार करोड़ का बकाया है। जून और जुलाई का बकाया और जुड़ने पर यह बकाया करीब चार हजार करोड़ हो जाएगा। प्रदेश भर में पुराने मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाने का काम तेजी से चल रहा है। प्रदेश भर के करीब डेढ़ लाख सरकारी विभागों के मीटरों को बदलकर अब स्मार्ट मीटर लगा दिए गए हैं। अब सरकारी विभागों के कनेक्शनों को प्रीपैड करने का काम किया जाएगा। लंबे समय से इसको करने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन अब जाकर इसमें सफलता मिलने वाली है। पहले सभी विभागों से तीन-तीन माह का रीचार्ज कराने के लिए कहा गया था, लेकिन किसी विभाग ने भी रीचार्ज नहीं कराया। ऐसे में अब ऊर्जा विभाग ने एक अधिसूचना जारी करके सभी विभागों को तीन-तीन माह का बिल एडवांस में जमा करने के लिए कहा है।

### तैयारी अंतिम चरण में

*सरकारी विभागों को कनेक्शनों को प्रीपैड करने की तैयारी अंतिम चरण में है। सभी विभागों के ग्रुप बनाकर उनको कोड दे दिया गया है। अब इस माह के अंत तक विभाग तीन-तीन माह का बिल एडवांस में जमा कर देंगे तो एक अगस्त के कनेक्शन प्रीपैड हो जाएंगे।*

**– भीम सिंह कंवर**
एमडी, वितरण कंपनी



### विभागों के बने ग्रुप

पहले चरण में ब्लाक स्तर पर करीब 45 हजार सरकारी बिजली कनेक्शनों को प्रीपैड करने की तैयारी की गई थी, लेकिन अब लगभग सभी डेढ़ लाख कनेक्शनों को प्रीपैड किया जा रहा है। इसके लिए अब जिला स्तर पर जितने भी सरकारी विभाग है, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी, पंचायतें, पुलिस सहित जितने भी विभाग हैं उनका-अलग अलग ग्रुप बनाया गया है। इसमें जिस विभाग के एक जिले में जितने भी दफ्तर होंगे, उनका एक माह का बिजली बिल कितना आता है, इसको देखा जाएगा। इन विभागों को तीन-तीन के बिजली बिल के बराबर एडवांस में पैसा पॉवर कंपनी में जमा करना होगा। इसके लिए हर विभाग को अलग-अलग कोड भी दिया गया है। हर विभाग के लिए एक-एक नोडल अधिकारी भी बनाया गया है। पॉवर कंपनी अब इस प्रयास में जुटी है कि सभी सरकारी विभाग इस माह के अंत तक तीन-तीन माह का बिल एडवांस में जमा कर दें तो अगले माह एक अगस्त से सभी सरकारी विभागों के कनेक्शनों को प्रीपैड कर दिया जाए।

### बकाया साढ़े तीन हजार करोड़

*सरकारी विभागों पर बकाया हमेशा परेशानी का कारण रहा है। कभी भी सरकारी विभाग अपना बिजली बिल जमा ही नहीं करते हैं। अंत में पॉवर कंपनी को प्रदेश सरकार को पत्र लिखकर बजट से पैसा लेना पड़ता है। इस समय सरकारी विभागों पर मई की स्थिति में बकाया साढ़े तीन हजार करोड़ हो गया है। जून और जुलाई का बिल और मिलाने पर बकाया करीब चार हजार करोड़ का हो जाएगा। एक अगस्त से कनेक्शन प्रीपैड होने पर जुलाई तक जितना बकाया होगा उसका फ्रीज कर दिया जाएगा। इस बकाया को प्रदेश सरकार किस्तों में पॉवर कंपनी को देगी।*

## खबर संक्षेप

### गारे पेलमा खदान को फाइव स्टार रेटिंग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी की गारे पेलमासेक्टर-III कोयला खदान को भारत सरकार के कोयला मंत्रालय द्वारा फाइव स्टार रेटिंग प्रदान की गई है। जनरेशन कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए आयोजित स्टार रेटिंग मूल्यांकन में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए यह उपलब्धि अर्जित की है। भारत सरकार के कोयला मंत्रालय द्वारा जारी सूची के अनुसार गारे पेलमा सेक्टर-III कोयला खदान ने देश की 206 ओपनकास्ट कोयला खदानों में राष्ट्रीय स्तर पर 20वां स्थान प्राप्त किया है। साथ ही यह गारे पेलमा कोलफील्ड की सर्वोच्च प्रदर्शन करने वाली खदानों में भी शामिल है।

### कैबिनेट आज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार की कैबिनेट की बैठक 22 जुलाई को सुबह 11:30 बजे मंत्रालय में आयोजित होगी। बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा होने की संभावना है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में होने वाली बैठक की प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं और माना जा रहा है कि इस दौरान सरकार कई अहम निर्णयों को मंजूरी दे सकती है। बैठक में प्रदेश के विभिन्न विभागों से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों और नीतिगत मामलों पर चर्चा होने की संभावना जताई जा रही है। माना जा रहा है कि राज्य के विकास, प्रशासनिक सुधारों और जनहित से जुड़े विषयों पर मंत्रियों के बीच मंथन हो सकता है।

### मंगल दास बने राज्य एसटी आयोग के उपाध्यक्ष

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा मंगल दास ठाकुर ग्राम छुरिया डोंगरी, जिला-राजनांदगांव को छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है। इस आशय का आदेश आदिम जाति विकास विभाग मंत्रालय से जारी किया गया है।

### ईओडब्ल्यू में एक एएसपी नौ डीएसपी की पोस्टिंग

**रायपुर।** राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने ईओडब्ल्यू-एसीबी में एक एएसपी समेत 9 डीएसपी स्तर के अधिकारियों की पोस्टिंग का आदेश जारी किया है। इन अधिकारियों की सेवाएं पुलिस विभाग से सामान्य प्रशासन विभाग के अधीन ली गई हैं। जिन अधिकारियों को ईओडब्ल्यू में पदस्थ किया गया है उनके नाम इस प्रकार हैं- नीतेश कुमार गौतम एएसपी खैरागढ़- छुईखदान, सिद्धांत तिवारी अनुविभागीय अधिकारी धरमजयगढ़, लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल डीएसपी पुलिस मुख्यालय. मंजुलता राठौर डीएसपी गरियाबंद, राजेश कुमार झा डीएसपी बेमेतरा, दीपमाला कुर्रे डीएसपी अजाक बस्तर, मोनिका श्याम डीएसपी सुकमा, रोशन आहुजा डीएसपी बीजापुर, रविकांत सहारे डीएसपी सुकमा, एलेक्जेंडर किरो सीएसपी राजनांदगांव।

### कांग्रेस का आज प्रदेशव्यापी प्रदर्शन

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने छात्र समुदाय के समर्थन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और विपक्ष के नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित सांसदों एवं वरिष्ठ नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में 22 जुलाई को प्रातः 11 बजे सभी जिला मुख्यलयों मे प्रधानमंत्री का पुतला दहन करते हुए प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है।

## एआईसीसी के अह्वान पर जिला शहर एवं ग्रामीण अध्यक्ष के नेतृत्व में धरना

# राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में राज्यपाल निवास के सामने कांग्रेस का अनिश्चितकालीन धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कांग्रेस सांसद एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को नीट पेपर लीक, युवाओं के भविष्य और शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर प्रधानमंत्री आवास की ओर शांतिपूर्ण मार्च के दौरान पुलिस हिरासत में लिए जाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर शहर एवं ग्रामीण के संयुक्त नेतृत्व में राज्यपाल निवास के सामने जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया गया।

छात्र समुदाय के समर्थन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में सांसदों के साथ प्रधानमंत्री आवास की ओर किए जा रहे मार्च के संदर्भ में, सभी पीसीसी अध्यक्षों से कहा गया कि वे आज रात ही अपने-अपने राज्यों में राजभवन के सामने बड़ा विरोध प्रदर्शन आयोजित करें।

एआईसीसी के लेटर के बाद जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र बंजारे तथा जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर शहर के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने पूर्व विधायक अनीता शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष पंकज शर्मा, भावेश बघेल, सुबोध हरितवाल, आकाश तिवारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ धरने दिया। केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और राहुल गांधी की गिरफ्तारी की कड़ी निंदा की है।



### लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन

धरने को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी लगातार देश के युवाओं, छात्रों और बेरोजगारों की आवाज संसद से लेकर सड़क तक उठा रहे हैं। नीट पेपर लीक जैसे गंभीर मामले में लाखों विद्यार्थियों के भविष्य के साथ हुए खिलवाड़ के खिलाफ वे प्रधानमंत्री से जवाब मांगने प्रधानमंत्री आवास की ओर जा रहे थे, लेकिन लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने के बजाय उन्हें पुलिस बल के माध्यम से हिरासत में लेना लोकतांत्रिक अधिकारों का खुला दमन है।

### युवाओं, किसानों, मजदूरों की आवाज दबाने का प्रयास

कांग्रेस नेताओं ने कहा, जब देश का नेता प्रतिपक्ष भी अपनी बात रखने के लिए स्वतंत्र नहीं है, तब आम जनता के अधिकारों की स्थिति का सहज अनुमान लगाया जा सकता है। भाजपा सरकार हर उस आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है जो युवाओं, किसानों, मजदूरों और आम जनता के हितों की बात करती है। प्रदर्शन में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का तत्काल इस्तीफा। परीक्षा में हुई अनियमितताओं और छात्रों के भविष्य की रक्षा करने में सरकार की विफलता पर संसद में पूरी चर्चा। दिल्ली की घटनाओं को लेकर कल छात्रों के खिलाफ दर्ज की गई सभी एफआईआर वापस लिए जाने की मांगों को उठाया गया।

**ये थे मौजूद :** धरने में पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, कुलदीप जुनेजा, अनिता शर्मा, पूर्व महापौर एजाज ढेबर, ब्लॉक अध्यक्ष अर्जुमन ढेबर, डॉ. राकेश गुप्ता, सुबोध हरितवाल,आकाश तिवारी, आकाश शर्मा, बंशी कन्नौजे, कन्हैया अग्रवाल सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### छात्रों की आवाज दबाने बल प्रयोग कर रही सरकार



दिल्ली में छात्रों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज एवं बल प्रयोग के विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएसयूआई ने आंबेडकर चौक पर प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की कड़ी निंदा की और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में एनएसयूआई पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। एनएसयूआई ने कहा कि अपनी लोकतांत्रिक मांगों को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर बल प्रयोग करना लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सीधा हमला है। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्रों की आवाज को दबाने के लिए पुलिस का इस्तेमाल किया गया, जिसे किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

#### शांतिपूर्ण प्रदर्शन हमारा अधिकार

दिल्ली में प्रदर्शन को समर्थन प्राप्त कर रहे एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कहा, देश का छात्र वर्ग अपने अधिकारों और शिक्षा से जुड़े मुद्दों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रख रहा था, लेकिन उनके साथ जिस प्रकार का व्यवहार किया गया, वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और लोकतंत्र के लिए चिंताजनक है। शिक्षा मंत्रालय छात्रों की समस्याओं का समाधान करने के बजाय उनकी आवाज को दबाने का माध्यम नहीं बन सकता। एनएसयूआई ने छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों और शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन के अधिकार का सम्मान सुनिश्चित करने की मांग की। प्रदेशाध्यक्ष नीरज पांडेय, अमित शर्मा, हेमंत पाल, प्रशांत गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व छात्र इसमें शामिल हुए।

## भाजपा बोली

# स्मार्ट मीटर को लेकर कांग्रेस फैला रही भ्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



क्रेडा के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी ने कहा, स्मार्ट मीटर बिजली उपभोक्ताओं को अधिक सशक्त, जागरूक और सुविधाजनक व्यवस्था उपलब्ध कराने का माध्यम है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस जनता के बीच झूठा भ्रम फैलाकर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रही है, जबकि हकीकत यह है कि छत्तीसगढ़ में स्मार्ट मीटर परियोजना की शुरुआत और इसके टेंडर कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में ही स्वीकृत किए गए थे।

श्री सवन्नी ने कहा, भारत सरकार ने 20 जुलाई 2021 को रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के तहत पूरे देश में स्मार्ट मीटर योजना शुरू की थी और 29 जुलाई 2021 को इसकी संचालन संबंधी गाइडलाइन जारी की गई थीं। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में इस परियोजना की डीपीआर 13 जुलाई 2022 को मंजूर हुई, जबकि 22 सितंबर 2022 को टेंडर जारी किए गए।

■ कांग्रेस शासनकाल में भी योजना को किया गया था प्रारंभ : भूपेंद सवन्नी

जून 2023 में कांग्रेस सरकार के दौरान अंबिकापुर, बिलासपुर, रायगढ़ तथा रायपुर क्षेत्र के लिए कंपनियों का चयन किया गया और अक्टूबर 2023 में दुर्ग, राजनांदगांव तथा जगदलपुर क्षेत्र के लिए भी एजेंसियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस जिन स्मार्ट मीटरों का विरोध कर रही है, उसी योजना को उसके शासनकाल में आगे बढ़ाया गया था। इतना ही नहीं, कांग्रेस और यूपीए शासित राज्यों जैसे केरल, हिमाचल प्रदेश और झारखंड में भी स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, जबकि कर्नाटक में भी यह व्यवस्था शुरू की जा रही है।

ऐसे में छत्तीसगढ़ में इसका विरोध केवल राजनीतिक विरोध के लिए किया जा रहा है। श्री सवन्नी ने कहा, स्मार्ट मीटर का उद्देश्य उपभोक्ताओं को अपनी बिजली खपत की वास्तविक जानकारी देना, बिजली चोरी और लाइन लॉस कम करना तथा वितरण व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनाना है। इससे भविष्य में बिजली व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी।

# छत्तीसगढ़ के सभी नगरीय निकायों में पीडब्ल्यूडी की नई एसओआर दरें लागू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के सभी नगर निगम, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा जारी नवीन शेड्यूल ऑफ रेट्स ( एसओआर ) को तत्काल प्रभाव से लागू करने के आदेश जारी कर दिए हैं। इसके बाद नगरीय निकायों में सड़क, पुल, भवन तथा विद्युत एवं यांत्रिक कार्यों के सभी नए निर्माण और विकास कार्य संशोधित दरों के अनुसार कराए जाएंगे। विभाग के उप सचिव द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह निर्देश राज्य के सभी नगर निगम आयुक्तों तथा नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को भेजा गया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा 10 जून 2026 को जारी नई एसओआर दरों को नगरीय निकायों के ब्रिज, रोड एवं बिल्डिंग वर्क्स से संबंधित कार्यों में तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए।चार श्रेणियों की नई दरें लागू

■ सड़क, पुल, भवन तथा विद्युत-यांत्रिक कार्यों के लिए संशोधित दरों से होंगे निर्माण

आदेश के तहत संशोधित दर सूची लागू की गई है उनमें ब्रिज वर्क्स, रोड वर्क्स,बिल्डिंग वर्क्स और इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल वर्क्स शामिल हैं। नई एसओआर लागू होने के बाद नगरीय निकायों में तैयार होने वाले निर्माण कार्यों की प्राक्कलन (इस्टीमेट), निविदा प्रक्रिया और लागत निर्धारण संशोधित दरों के अनुरूप किया जाएगा। इससे निर्माण कार्यों की लागत का आकलन वर्तमान बाजार दरों के अनुसार किया जा सकेगा तथा विभिन्न नगरीय विकास परियोजनाओं में एकरूपता आएगी। यह आदेश राज्यभर के सभी शहरी स्थानीय निकायों पर लागू होगा।

# यूजी बांड समाप्त और पीजी बांड वर्ष करने स्वास्थ्य मंत्री ने दिया आश्वासन

## संपत्ति बंधक करने की अनिवार्यता होगी खत्म, जूडा ने सौंपा मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आने वाले दिनों चिकित्सा छात्रों के यूजी बांड को समाप्त करने और पीजी अनुबंध सेवा को एक साल करने का फैसला लिया जाता है। इसके अलावा पढ़ाई के लिए संपत्ति बंधक रखने के अनिवार्यता के नियम को शिथिल किया जा सकता है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जूनियर डाक्टर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल को यह आश्वासन दिया है। जूडा रायपुर के अध्यक्ष डॉ. पीयूष पी. श्रीवास्तव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मिलकर चिकित्सकों, पीजी रेजिडेंट्स, सीनियर रेजिडेंट्स एवं एमबीबीएस इंटर्न्स से संबंधित 17 सूत्रीय मांगों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। स्वास्थ्य मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि जिन मांगों पर तत्काल निर्णय संभव है उन पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने विशेष रूप से यह भरोसा दिलाया है कि अगले शैक्षणिक सत्र से यूजी बांड समाप्त करने और पीजी अनुबंध सेवा की अवधि 2 से घटाकर 1 वर्ष की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने एमबीबीएस इंटर्न्स, पीजी रेजिडेंट्स एवं सीनियर रेजिडेंट्स के स्टाइपेंड में वृद्धि के संबंध में भी सकारात्मक आश्वासन दिया तथा इस विषय पर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया।



# 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के 6 कांग्रेस नेता होंगे शामिल

## विकास, पलामू, राघवेंद्र सिंह सहरसा, पाढ़ी दरभंगा और दीपक टीकमगढ़ में लेंगे हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा चलाए जा रहे 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के तहत देशभर में 22 जुलाई को 250 स्थानों पर कांग्रेस नेता शामिल होकर विद्यार्थियों से संवाद करेंगे। कार्यक्रम के लिए छत्तीसगढ़ के 6 नेताओं को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनमें पूर्व मंत्री उमेश पटेल, विधायक राघवेंद्र सिंह, देवेंद्र यादव, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, पूर्ण चंद पाढ़ी और दीपक मिश्रा का नाम शामिल है।

कार्यक्रम के तहत बिलासपुर में मिसरी शासकीय विद्यालय बिलासपुर में छात्रों से संवाद करेंगे। विधायक राघवेंद्र सिंह को सहरसा, बिहार के कर्पुरी ईबीसी छात्रावास के छात्रों से चर्चा करेंगे। देवेंद्र यादव को शासकीय पोस्ट मैट्रिक ट्राइबल बायस छात्रावास रायपुर में छात्रों से मुलाकात कर संवाद करेंगे। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय झारखंड के पलामू (डाल्टनगंज) जाएंगे। इस दौरान वे 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में शामिल होकर विद्यार्थियों से संवाद करेंगे। दरभंगा अर्बन, पूर्ण चंद पाढ़ी, दीपक मिश्रा टीकमगढ़,एमपी में छात्रों की गूंज कार्यक्रम में शामिल होंगे।



### छात्रों और युवाओं से जुड़े मुद्दों को सामने लाने पर केंद्रित

'छात्रों की गूंज' अभियान छात्रों और युवाओं से जुड़े मुद्दों को सामने लाने पर केंद्रित है। कांग्रेस के अनुसार, अभियान में पेपर लीक, प्रतियोगी परीक्षाओं की समस्याएं, शिक्षा व्यवस्था और रोजगार जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जा रहा है। अभियान के तहत 22 जुलाई को देश के कई शहरों में छात्र संवाद और जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। उल्लेखनीय 17 जुलाई को देहरादून में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें राहुल गांधी ने छात्रों और युवाओं से संवाद किया। कार्यक्रम में हजारों छात्र, प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थी और युवा शामिल हुए।

## 22 लाख छात्रों को भुगतना पड़ा सरकार की गलती का खामियाजा

# भूपेश बोले- बीजेपी का अलोकतांत्रिक चेहरा बेनकाब, आंदोलन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा और केंद्र सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने छात्रों के आंदोलन पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, संसद की शुरुआत और सदन से लेकर सड़क तक हंगामा देखने को मिल रहा है, जिससे बीजेपी का अलोकतांत्रिक चेहरा सामने आ गया है। आंदोलन कर रहे छात्रों पर आंसू गैस के गोले छोड़े गए और लाठीचार्ज किया गया, जो बेहद निंदनीय है।

उन्होंने कहा, सरकार चाहती तो छात्रों को बुलाकर बातचीत कर सकती थी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की गलती का खामियाजा 22 लाख युवाओं को भुगतना पड़ रहा है और इस पूरे घटनाक्रम में 22 छात्र-छात्राओं ने आत्महत्या की है। इन मौतों की नैतिक जिम्मेदारी सरकार पर है।



### वंदेमातरम पर भी साधा निशाना

वंदे मातरम् को लेकर केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित नए नियमों पर भूपेश बघेल ने कहा, वंदे मातरम् आजादी के आंदोलन का प्रतीक रहा है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान वंदे मातरम् गाने वालों को अंग्रेज जेल में डाल देते थे। बघेल ने बीजेपी पर कटाक्ष करते हुए कहा, उस समय ये लोग अंग्रेजों की मुखबिरी करते थे और बताते थे कि कौन वंदे मातरम् गा रहा है और सजा दिलवाते थे, लेकिन आज बड़े भक्त बनने का दावा कर रहे हैं।

### टीएस के घर पहुंचने पर बीजेपी को दिया जवाब

पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के भूपेश बघेल के निवास पहुंचने पर बीजेपी द्वारा उठाए गए सवालों पर उन्होंने पलटवार करते हुए कहा, बीजेपी बेहद बेचैन है। विधानसभा में कांग्रेस द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव का जवाब देने के बजाय सरकार ने ऐसा व्यवहार किया जैसे प्रस्ताव उनके खिलाफ हो। उन्होंने कहा, सरकार के पास अपनी उपलब्धियां बताने के लिए कुछ नहीं है, इसलिए वह कांग्रेस सरकार के पांच वर्षों के कार्यकाल पर चर्चा कर रही है। टीएस सिंहदेव के उनके घर आने को लेकर भूपेश बघेल ने कहा, सिंहदेव उनके बेटे चैतन्य को आशीर्वाद देने पहुंचे थे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि एक साल पहले चैतन्य के जन्मदिन पर ईडी आई थी। इस साल ईडी तो नहीं आयी, टीएस सिंहदेव आ गए, लेकिन इससे भी बीजेपी को तकलीफ हो रही है।

# संकल्प, संस्कार और संघर्ष से ही मिलेगी सफलता, लक्ष्य से न भटकें विद्यार्थी : मंत्री वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा-नेवरा

■ मेधावियों का सम्मान, 32 छात्राओं को मिली साइकिल, शिक्षा किट व शैक्षणिक सामग्री का वितरण

विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव सोमवार को बीएनबी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में उत्साह, उल्लास और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के मुख्य आतिथ्य में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का गुलाल का तिलक लगाकर, पुष्पहार पहनाकर और मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया। विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें, गणवेश, स्कूल बैग एवं पानी की बोतलें वितरित की गईं, जबकि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शिक्षा किट एवं सहायक उपकरण प्रदान किए गए। वहीं विकासखंड के कक्षा 10वीं एवं 12वीं की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

समारोह का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया। इसके बाद एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। संकल्प, संस्कार, अनुशासन और सतत संघर्ष ही सफलता की सबसे मजबूत सीढ़ियां हैं।

## विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत

### रंगारंग प्रस्तुति ने मोहा मन

कार्यक्रम के दौरान जेबी इंटरनेशनल स्कूल, केरला पब्लिक स्कूल एवं कार्मल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। बीएनबी विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक मार्चपास्ट एवं पुष्पवर्षा कर अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्री ने 32 छात्राओं को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया। विकासखंड को पूर्ण साक्षर बनाने के उद्देश्य से उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय को उल्लास साक्षरता अभियान की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम का संचालन नरोत्तम ध्रुव एवं ऋषि कुमार वर्मा ने किया।



### ये रहे उपस्थित

समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा, जिला पंचायत सभापति स्वाति वर्मा, शैल महेंद्र साहू, दुलारी सुरेंद्र वर्मा, राम पंजवानी सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत जिला शिक्षा अधिकारी सतीश नायर, जिला समन्वयक अरुण शर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, विकासखंड समन्वयक देवेंद्र ठाकुर, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीकेश्वर जाहिरे, बीएनबी विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश चदानी, डॉ. सुभाषचंद्र शर्मा, ईशा रानी खलको सहित अन्य प्राचार्यों ने किया।कार्यक्रम में मनोज निषाद, नरसिंह वर्मा, सुरेश वर्मा, डॉ. लक्ष्मण साहू, शिक्षा सभापति नरेंद्र शर्मा, सौरभ जैन, अनुराधा वर्मा, राजकुमार गेंडरे, संकुल समन्वयक, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### *योजनाओं का लाभ विद्यार्थियों तक पहुंच रहा*

*आज के विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई सहित नई तकनीकों में दक्ष बनने के साथ-साथ भारतीय संस्कृति, संस्कार और नैतिक मूल्यों को भी आत्मसात करना होगा। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के प्रेरक संदेश उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको का उल्लेख किया। जनपद पंचायत अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे ने शिक्षकों से विद्यार्थियों को माता-पिता की तरह स्नेह, संस्कार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का आग्रह किया। जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने कहा कि शासन की विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं का लाभ विद्यार्थियों तक प्रभावी ढंग से पहुंच रहा है, जिससे शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं।*

## खबर संक्षेप

### कोलर में स्वास्थ्य शिविर ग्रामीणों ने लिया लाभ

**अभनपुर।** सेक्टर खोरपा के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य जीवनशैली अभियान के तहत सोमवार को ग्राम कोलर में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों को निःशुल्क नेत्र जांच, रक्तचाप (बीपी), ब्लड शुगर सहित अन्य स्वास्थ्य जांच की सुविधा प्रदान की गई। शिविर के दौरान 38 पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड तथा 35 लोगों की आभा आईडी बनाई गई। वहीं जांच में 2 लोगों में मोतियाबिंद की पहचान हुई, जिन्हें आगे के उपचार के लिए सलाह दी गई। स्वास्थ्य विभाग ने ग्रामीणों को नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार, स्वच्छता एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी भी दी।इस अवसर पर डीएस नेताम (आरएमए), रोशन लाल साहू (नेत्र सहायक अधिकारी), ठाकुर राम सोनवानी, स्वाति ध्रुव, गौतम विश्वकर्मा, सोनल माहेश्वरी, मितानिन माधुरी कामडे, राज बाई साहू, नंदनी साहू, नम्रता साहू, खोमेश्वरी साहू, बिमला श्रीवास और कृष्णा ध्रुव सहित अन्य उपस्थित रहे।



### हाई स्कूल तोरला में छात्र संघ का गठन



**अभनपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तोरला में नवीन शैक्षणिक सत्र के लिए छात्र संघ का गठन किया गया। प्रतिवर्ष की भांति आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को विभिन्न दायित्व सौंपे गए तथा संस्था की प्राचार्य श्रीमती स्मिता कर ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। छात्र संघ में कक्षा 12वीं के मयंक कोशले एवं कक्षा 11वीं की कुसुमलता सोनवानी को शाला नायक चुना गया। सचिव पद पर कु. चेतना साहू एवं सागर पटेल, सांस्कृतिक सचिव के रूप में गुलशन पाल, डिगेश्वरी तारक एवं तमन्ना बंजारे, जबकि क्रीड़ा सचिव के रूप में खिलेश्वर साहू एवं पंक्षिका ध्रुव को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रभारी तामेश्वर जांगड़े,सुनील चंद्राकर, सोमप्रभा साहू, संगीता सिंह, नीतू शर्मा, कल्याणी पवार, गायत्री गाबडा, सरस्वती देवांगन, गौरव महिलांग, प्रदीप साहू, मोतीराम गिलहरे, रूपेश दिवान, जया पटेल, ललिता यादव एवं तोषण साहू उपस्थित रहे।

### व्यायाम शिक्षक की भर्ती की मांग की

**आरंग।** जिला पंचायत सदस्य वतन चन्द्राकर ने छत्तीसगढ़ में व्यायाम शिक्षक (पीटीआई) के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती की मांग का समर्थन करते हुए कहा है कि प्रदेश के हजारों प्रशिक्षित एवं योग्य युवा वर्षों से नियुक्ति की प्रतीक्षा कर रहे हैं। दूसरी ओर सरकारी स्कूलों में व्यायाम शिक्षकों के पद खाली पड़े होने से शारीरिक शिक्षा और खेल गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि पद स्वीकृत एवं रिक्त हैं तो सरकार को बिना विलंब पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ करनी चाहिए।

## पीएम श्री आत्मानंद स्कूल कुंरा में धूमधाम से मनाया गया 'शाला प्रवेश उत्सव'

# शिक्षा के साथ खेल और कला में भी बनाएं पहचान : अनुज शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

नगर पंचायत कुंरा स्थित पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर 'शाला प्रवेश उत्सव' अत्यंत धूमधाम और उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। विद्यालय पहुँचने पर शाला परिवार व स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देशव्यापी आह्वान पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत विधायक अनुज शर्मा ने विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ मिलकर स्कूल परिसर में पौधरोपण किया। साथ ही बच्चों को इन पौधों की देखभाल और पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अनुज शर्मा ने कहा की



आज यहाँ जिन बेटियों को साइकिल दी गई है, वह सिर्फ लोहे और पहियों की गाड़ी नहीं, बल्कि आपके सपनों की रफ्तार है। शिक्षा ही समाज की प्रगति का आधार है। पढ़ाई के साथ खेलकूद और कला के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाना ही एक विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास है। उन्होंने बच्चों से अनुशासन और निरंतर अभ्यास के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद साहू, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि राकेश यादव, विभिन्न वार्डों के पार्षदगण, शाला विकास समिति के सदस्य, प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। अंत में विद्यालय प्रशासन द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

### साइकिल, पुस्तकें व गणवेश वितरण से चेहरे पर आई मुस्कान

उत्सव के दौरान विधायक ने नए प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर, पुष्पमाला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर उनका अभिनंदन किया। राज्य शासन की योजना के तहत हाईस्कूल की पात्र छात्राओं को निःशुल्क साइकिलें वितरित की गईं, वहीं सभी छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें एवं गणवेश (यूनिफॉर्म) प्रदान किए गए। विगत सत्र के प्रतिभावान विद्यार्थियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



## नेशनल हाईवे-53 में हादसा

# महानदी पुल के पास धू-धूकर जला ट्रक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

नेशनल हाईवे-53 पर सोमवार रात लगभग 9.30 बजे उस वक्त हड़कंप मच गया, जब स्पंज आयरन से भरा एक ट्रक अचानक आग की भयावह लपटों में घिर गया। गनीमत यह रही कि चालक की तत्परता और सूझबूझ से एक बड़ा हादसा टल गया और इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, करनी कृपा पावर प्राइवेट लिमिटेड तुमगांव का ट्रक क्रमांक सीजी 04 क्यूएक्स 7022 स्पंज आयरन लोड कर महासमुंद की ओर जा रहा था, जिसे चालक रणवीर सिंह चला रहा था।

रात लगभग 9.30 बजे जब ट्रक नेशनल हाईवे-53 पर महानदी पुल से ठीक पहले पारागांव के पास पहुँचा, तो अचानक गाड़ी से लपटें निकलने लगीं। आशंका जताई जा रही है कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी होगी। चलती गाड़ी में आग देखते ही चालक रणवीर सिंह ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत ट्रक को सड़क किनारे खड़ा कर दिया और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। आग तेजी से फैलती देख उन्होंने पुलिस और फायर ब्रिगेड को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही आरंग थाना प्रभारी हरीश साहू दलबल के साथ मौके पर पहुँचे। इसके तुरंत बाद फायर ब्रिगेड की टीम भी घटनास्थल पर पहुँच गई। आग इतनी विकराल थी कि उसकी लपटें दूर-दूर तक दिखाई दे रही थीं। दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार आग पर काबू पाया।

### यातायात भी हुआ प्रभावित

इस अग्निकांड में ट्रक को भारी नुकसान पहुँचा है। हादसे की वजह से कुछ देर के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात प्रभावित रहा, जिसे पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए जल्द ही सामान्य करा दिया। दुर्घटना में किसी भी व्यक्ति के हताहत होने की खबर नहीं है।

# जनता के प्रति अटूट जवाबदेही का है यह पद : विधायक अनुज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवां

नगर पंचायत खरोरा एवं नगर पंचायत कुंरा (कुंवरगढ़) के नवनियुक्त एल्डरमैनों का भव्य शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस विशेष कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि की उपस्थिति में सभी नवनियुक्त एल्डरमैनों को विधिवत पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण के पश्चात विधायक अनुज शर्मा ने सभी मनोनीत एल्डरमैनों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी का पुष्पगुच्छ भेंट कर और गमछा पहनाकर आत्मीय स्वागत व सम्मान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि एल्डरमैन के रूप में मनोनयन क्षेत्र के विकास और जनसेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। पद केवल अधिकार नहीं, बल्कि जनता के प्रति एक अटूट जवाबदेही और सेवा का संकल्प है। उन्होंने एल्डरमैनों को याद दिलाया कि यह पद किसी मान-सम्मान का साधन नहीं, बल्कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं को हल करने का सशक्त माध्यम है।

हमें खरोरा और कुंरा के हर वार्ड, हर गली और हर परिवार तक विकास की रोशनी पहुँचानी है। इस भव्य आयोजन में मुख्य अतिथि विधायक अनुज शर्मा के साथ रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, बेदराम मनहरे, शकुंतला ढीलेंद्र सेन, दिनेश खटे, गोविंद साहू, राजा भैया, सुनीता अनिल सोनी, राकेश यादव और सुमित सेन विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा स्थानीय नगरीय निकाय के पदाधिकारी, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी और प्रबुद्ध नागरिक मौजूद थे।

# तिल्दा-नेवरा में देर रात पुलिस की कॉम्बिंग गश्त, असामाजिक तत्वों में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

रायपुर ग्रामीण पुलिस के निर्देश पर तिल्दा-नेवरा पुलिस ने सोमवार देर रात व्यापक कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाकर अपराधियों और असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा दिया। रात 12 बजे से सुबह 4 बजे तक चले इस विशेष अभियान में तिल्दा-नेवरा नगर सहित तुलसी, सासाहोली, देवार पारा, अटल आवास और मोहभट्ठा पारा क्षेत्रों में एक साथ सघन तलाशी एवं गश्त की गई। अभियान के दौरान रेलवे स्टेशन चौक, दीनदयाल चौक, सराफा मार्केट, सिंधी कैंप, बुधवारी बाजार, मिशन कॉलोनी, रेस्ट हाउस सहित संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की टीमों ने पैदल एवं वाहन गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं बैंक, एटीएम, सराफा बाजार, लॉज और ढाबों की गहन जांच कर संदिग्ध गतिविधियों पर



कड़ी निगरानी रखी गई। पुलिस ने निगरानीशुदा एवं गुंडा बदमाशों के घरों पर दबिश देकर उनकी वर्तमान गतिविधियों की जानकारी ली और उन्हें भविष्य में किसी भी प्रकार के अपराध से दूर रहने की कड़ी चेतावनी दी। साथ ही फरार वारंटियों व संदिग्ध व्यक्तियों के संभावित ठिकानों पर भी छापेमार कार्रवाई की। अभियान के दौरान देर रात बिना किसी उचित कारण के सार्वजनिक स्थानों पर घूमते मिले लोगों को थाना लाकर पूछताछ की गई।

### बदमाशों के घरों पर दबिश, वारंटियों की तलाश

इस दौरान पुलिस ने नागरिकों को अवैध अथवा संदिग्ध प्रवासियों की जानकारी देने के लिए शासन द्वारा जारी टोल-फ्री हेल्पलाइन1800-233-1905 तथा 'समाधान ऐप' के उपयोग की जानकारी भी दी। साथ ही मकान मालिकों से किरायेदारों का अनिवार्य पुलिस सत्यापन कराने की अपील की गई।

# सीआरपीएफ केंद्रीय विद्यालय के नए भवन का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

■ शिक्षा, अनुशासन, संस्कार और उत्कृष्टता पर दिया जोर

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ के केंद्रीय विद्यालय के नए भवन का उद्घाटन समारोह गरिमामय माहौल में आयोजित किया गया। नए भवन के शुभारंभ के साथ ही विद्यालय में बेहतर सुविधाओं, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक नया अध्याय शुरू हुआ। समारोह में शिक्षा, अनुशासन, संस्कार और उत्कृष्टता के महत्व पर जोर दिया गया। अतिथियों ने कहा कि विद्यालय केवल पढ़ाई का केंद्र नहीं होता, बल्कि यहीं से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व और भविष्य का निर्माण होता है। उन्होंने छात्रों को मेहनत, अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल मध्य अंचल के विशेष महानिदेशक दीपक कुमार रहे। छत्तीसगढ़ सेक्टर सीआरपीएफ के महानिरीक्षक शालिन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रुप केंद्र सीआरपीएफ रायपुर के उपमहानिरीक्षक अजय कुमार सिंह ने की।



### शिक्षा के माध्यम महत्वपूर्ण दें महत्वपूर्ण योगदान

इस दौरान अतिथियों का स्वागत करते हुए उपमहानिरीक्षक अजय कुमार सिंह ने विद्यालय की उपलब्धियों, शैक्षणिक गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नए भवन से विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी, जिससे अध्ययन के बेहतर वातावरण का निर्माण होगा। उद्घाटन समारोह में अधिकारियों ने विद्यार्थियों से कहा कि वे शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार और अनुशासन को भी अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि देश के भविष्य के निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### विद्यार्थियों को विकास के नए अवसर मिलेंगे

नए भवन के शुरू होने से विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल है। शिक्षकों और विद्यार्थियों ने इसे शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। विद्यालय प्रबंधन को उम्मीद है कि नई सुविधाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और विकास के अधिक अवसर मिलेंगे।

## केबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत ने फीता काटकर की संस्थान की शुरुआत

# नींव एजुकेशनल एकेडमी का शुभारंभ, शिक्षा के क्षेत्र में नई पहल की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में निर्मल एजुकेशनल सोसायटी के अंतर्गत नींव एजुकेशनल एकेडमी का शुभारंभ सोमवार को आरंग विधानसभा क्षेत्र के नारा (भानसोज) में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब थे। समारोह में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, अभिभावकों एवं बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रही।

मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर एकेडमी का विधिवत शुभारंभ किया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि निर्मल एजुकेशनल सोसाइटी कई दशकों से शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संस्थान आने वाले समय में आरंग क्षेत्र में उच्च शिक्षा और व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान



देगा। नए संस्थान से क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को लाभ मिलेगा। इस दौरान मंत्री ने संचालक मंडल को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे प्रयास समाज और क्षेत्र के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। अतिथियों ने एकेडमी का अवलोकन कर संस्थान की शैक्षणिक एवं आधारभूत




सुविधाओं की सराहना की तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर महेश साहू जनपद सदस्य, मीना जांगड़े सरपंच, नारा, गोपाल वर्मा भाजपा मंडल अध्यक्ष, रमेश तिवारी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, आरंग, भूपेंद्र शर्मा संयोजक, किसान संघर्ष समिति, राकेश चंद्राकर पूर्व अध्यक्ष, भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ सहित अनेक



जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।निर्मल एजुकेशनल सोसायटी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रवीण चंद्राकर, भावना चंद्राकर, विनय चंद्राकर, अपर्णा चंद्राकर, यशराज चंद्राकर एवं ईशान चंद्राकर सहित आयोजन समिति के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समारोह का समापन अतिथियों के प्रति आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

**ईश्तहार**

क्रमांक/671/नामां./न.पं./2026–27

चंदखुरी, दिनांक 01/07/2026

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं संबंधितों को सूचित किया जाता है कि, नीचे निर्दिष्ट कॉलम (2) में दर्शित आवेदिका से छ.ग. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के अंतर्गत कॉलम (3) में विनिर्दिष्ट परिसंपत्ति को नगर पंचायत चंदखुरी के कर मांग पंजी में अपने नाम पर नामान्तरण किए जाने इस कार्यालय को निर्धारित प्रारूप मे आवेदन प्रस्तुत किया गया है, और उक्त परिसंपत्ति अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में नामान्तरण हेतु विचाराधीन है – **क्र.-01, आवेदक का नाम-** श्री रंजीत वर्मा पिता/पति सुकालूराम वर्मा नगर चंदखुरी (छ.ग.), **आवेदक / हस्तांतरणकर्ता का नाम / पिता / पति का नाम पता-** श्री सुकालूराम वर्मा पिता विशाल वर्मा नगर चंदखुरी रायपुर, **नामांतरण हेतु प्रस्तावित भूमि / भवन का वार्ड क्र. एवं लैण्डमार्क-** वार्ड क्र. 08 डॉ. बी.आर.अम्बेडकर वार्ड नगर पंचायत चंदखुरी, **भूमि / भवन खसरा नं.-** खसरा नं. 883 का भाग, **रकबा-** 400 वर्ग फीट, **नामांतरण का साधन / आधार / रिमार्क-** बंटवारानामा / आपसी सहमति पत्र

अतः ऊपर उल्लेखित परिसंपत्ति के नामान्तरण किये जाने से किसी व्यक्ति / वारिसान या अन्य को आपत्ति होतो वें अपना दावा–आपत्ति तथ्यात्मक कारणों तथा उससे संबंधित प्रमाणिक अभिलेखों सहित इश्तिहार प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय मे उपस्थित होकर कर सकते है ।

नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति अथवा दावामान्य नही होगा तथा यह मानकर कि उक्त परिसंपत्ति निर्विवाद है, प्रकरण पर नामान्तरण की एक तरफा कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत चंदखुरी**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल से हज कमेटी के अध्यक्ष ने की सौजन्य भेंट



रायपुर। राज्यपाल रमेन डेका से लोकभवन में मंगलवार को छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा एजाज बेग ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान श्री बेग ने राज्यपाल को अवगत कराया कि छत्तीसगढ़ से हज पर गए सभी हज यात्री अपनी यात्रा सफलतापूर्वक पूर्ण कर सकुशल वापस लौट आए हैं। उन्होंने हजयात्रा के शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए राज्य शासन तथा संबंधित सभी विभागों के सहयोग की सराहना करते हुए राज्यपाल के प्रति आभार व्यक्त किया। राज्यपाल श्री डेका ने सभी हज यात्रियों के सकुशल लौटने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के सदस्य मौलाना अमीर बेग तथा मौलाना हसन अब्बास भी उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम 24 जुलाई को

रायपुर। क्षेत्रीय कुष्ठ प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान द्वारा कुष्ठ से पीड़ित मरीजों का नियमित निःशुल्क उपचार प्रदान करने की व्यवस्था की जा रही है। संस्थान में कुछ समय पूर्व तक अपरिहार्य कारणों से मरीज भर्ती सुविधा बाधित थी, उस सुविधा को पुनः बहाल कर दिया गया है। कुष्ठ के कारण विकृति से पीड़ित मरीजों का निशुल्क विकृति सुधार शल्य क्रिया की सुविधा भी पुनः प्रारंभ कर दिया गया है। 24 जुलाई को पांच कुष्ठ के कारण विकृत हुए मरीजों की विकृति सुधार शल्य क्रिया से यह सुविधा संस्थान में पुनः प्रारंभ किया जा रहा है।

## निधन

### केशवराम श्रीवास



रायपुर। मठपुरैना दुर्गा चौक निवासी केशवराम श्रीवास (56) का 20 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी मुक्तिधाम में किया गया। वे निर्मला श्रीवास के पति और छत्रपाल, अश्वनी श्रीवास के पिता थे।

### श्यामा श्रीवास



रायपुर। आंबेडकर नगर भिलाई निवासी श्यामा श्रीवास (66) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 20 जुलाई को रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे पुरुषोत्तम श्रीवास की पत्नी और मनजीत श्रीवास की माता थीं।

# दिव्यांग विद्यार्थियों को महाविद्यालयों में मिलेंगी विशेष सुविधाएं, उपलब्ध कराए जाएंगे हेल्पिंग टूल्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन ने देश के कॉलेजों और यूनिवर्सिटीज में पढ़ रहे दिव्यांग छात्रों के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। यूजीसी ने बौद्धिक दिव्यांगता, सीखने की खास कठिनाई और ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर जैसी चुनौतियों से जूझ रहे छात्रों के लिए नई गाइड लाइंस जारी की हैं। इसका मकसद यह पक्का करना है कि इन छात्रों को पढ़ाई के दौरान हर तरह की जरूरी मदद और सुविधाएं मिल सकें।

यूजीसी का मानना है कि पढ़ाई को आसान और सबके लिए बराबर बनाना बेहद जरूरी है। यूजीसी ने उच्च शैक्षिक संस्थानों को निर्देश दिया है कि वे अपनी टीचिंग और तौर-तरीकों में बदलाव करें, ताकि दिव्यांग छात्रों को अपनी पढ़ाई पूरी करने में कोई दिक्कत न आए। यूजीसी ने कहा है कि छात्रों को क्लास के कामों, लिखने में मदद करने वाले टूल्स, फ्लेक्सिबल असाइनमेंट और पढ़ाई के दौरान तय समय पर ब्रेक देने जैसी सुविधाएं मिलनी चाहिए।

**विश्वविद्यालयों-महाविद्यालयों के लिए दिशा-निर्देश जारी**






फ्लेक्सिबल असाइनमेंट और पढ़ाई के दौरान तय समय पर ब्रेक देने जैसी सुविधाएं भी

### संवेदनशील हो स्टाफ

कॉलेज के टीचरों और अन्य स्टाफ के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम चलाए जाएंगे, ताकि वे इन छात्रों की जरूरतों को समझ सकें और उनके साथ सही व्यवहार करें। बिना दिव्यांगता वाले सामान्य छात्रों के लिए वीडियो-आधारित प्रोग्राम चलाए जाएंगे, जिससे वे दिव्यांग साथियों की मदद के लिए जागरूक हो सकें। छात्रों की व्यक्तिगत जरूरतों को पूरा करने के लिए विशेष ध्यान देने कहा गया है। जहां जरूरत होगी, वहां छात्रों की संख्या के हिसाब से ज्यादा स्टाफ तैनात किया जाएगा।

### कोर्स और ट्रेनिंग

सीखने की अलग-अलग जरूरतों को पूरा करने के लिए नए कोर्स, काम-आधारित शिक्षा और अप्रेंटिसशिप के मौके दिए जाएंगे। जिन छात्रों के लिए रोज कैंपस आना मुश्किल है, उन्हें ई-लर्निंग और डिस्टेंस एजुकेशन के जरिए घर बैठे पढ़ने की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा रेसिडेंशियल ट्रेनिंग का विकल्प भी होगा। स्कॉलरशिप, फीस में छूट और केंद्र व राज्य सरकारों की वित्तीय योजनाओं का लाभ इन छात्रों तक आसानी से पहुंचाया जाएगा। साथ ही कॅरियर काउंसलिंग और प्लेसमेंट में भी मदद दी जाएगी। यूजीसी के मुताबिक, दिव्यांग छात्रों की जरूरतों के हिसाब से उन्हें विशेष सहायक उपकरण और सुविधाएं मिलना जरूरी है। अलग-अलग कैटेगरी के लिए गाइड लाइंस भी जारी किए गए हैं। शारीरिक रूप से दिव्यांग छात्रों के लिए बैठने, चलने-फिरने और एक जगह से दूसरी जगह आने-जाने में पूरी मदद की जाएगी।

## शहर के 3 प्रमुख तालाबों को प्रदूषण से बचाने 20 करोड़ का एसटीपी प्रोजेक्ट

# अल्टीमेटम बेअसर, महाराजबंध, नरैया और खोखो तालाब में एसटीपी अब तक शुरू नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के टिकरापारा स्थित नरैया तालाब, महामाया मंदिर वार्ड के महाराजबंध तालाब और पुरानी बस्ती क्षेत्र के खो-खो तालाब में पहुंच रहे नालियों के गंदे पानी को साफ करने 3 जगहों पर बनाए जा रहे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का काम अब तक पूरा नहीं हुआ, इससे नालियों का गंदा पानी तालाब में जाने से पानी प्रदूषित हो चला है। गंदगी व बदबू से लोगों को परेशानी हो रही है। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने पुणे की मेसर्स समृद्धि वर्क एजेंसी को 3 प्रमुख तालाबों में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने 20 करोड़ रुपए में ठेका दिया है, पर ठेका एजेंसी के काम में लेटलतीफी से सीवरेज प्लांट का लाभ राजधानीवासियों को अब तक नहीं मिल पाया है। ऐसे में बारिश के सीजन में एक बार फिर नाले व नालियों का गंदा इन तालाबों में जा रहा है।

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 3 प्रमुख तालाबों को प्रदूषित होने से बचाने महाराजबंध तालाब, नरैया तालाब और खोखो तालाब में 20 करोड़ की लागत से तीन अलग-अलग जगह सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कराया जा रहा है। इसका मकसद तालाब के आसपास की बस्तियों ओर नालों के गंदे पानी को सीधे तालाबों में मिलने से रोकना है, पर धरातल पर स्थिति ये है, स्मार्ट सिटी से अनुबंधित एजेंसी निर्धारित समय-सीमा में एक भी एसटीपी शुरू नहीं करा पाई है।

**महापौर मीनल चौबे ने अनुबंधित एजेंसी को दिया था अल्टीमेटम, ट्रायल और टेस्टिंग की प्रक्रिया अब तक शुरू नहीं**



### महापौर की फटकार बेअसर, अल्टीमेटम काम नहीं आया

महापौर मीनल चौबे ने 21 जून को महाराजबंध तालाब में 3 एमएलडी के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के कार्य की प्रगति का निरीक्षण अधिकारियों व अनुबंधित ठेका एजेंसी के प्रतिनिधि की मौजूदगी में किया। स्थल पर काम की धीमी रफ्तार देखकर महापौर बेहद नाराज हुईं और दो टूक शब्दों में कहा कि हर हाल में 10 जुलाई तक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का ट्रायल रन शुरू होना चाहिए। ऐसा नहीं होने पर ठेका एजेंसी के बकाया बिल का भुगतान नहीं किया जाएगा। ठेका एजेंसी ने इसके बाद 10 दिन की समय सीमा महापौर से और मांगी, यह समय सीमा 20 जुलाई को पूरी गई है। इसके बाद भी महाराजबंध तालाब के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का ट्रायल रन शुरू नहीं हो सका है। कमोबेश यही स्थिति नरैया तालाब और खोखो तालाब में निर्माणाधीन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का भी है।

### एसटीपी शुरू होने से इस तरह से मिलते फायदे

शहर के प्रमुख तीन तालाबों में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट शुरू होने पर जलप्रदूषण पर रोक लगती। घरों और व्यावसायिक क्षेत्रों से निकलने वाले गंदे पानी में हानिकारक बैक्टीरिया, रसायन और भारी मात्रा में जैविक कचरा होता है। इसी तरह नाली व नाले के गंदे पानी में नाइट्रोजन और फास्फोरस की ज्यादा मात्रा होने से इससे तालाब में जलकुंभी फैल जाती है और पानी में आक्सीजन की कमी होने लगती है। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगने से उपचारित पानी तालाब में वापस छोड़ने से तालाब का जलस्तर बढ़ने के साथ ही आसपास के कुंओं और बोरवेल का भूजल स्तर बढ़ता है।

### नरैया और खोखो तालाब में 1-1 एमएलडी, महाराजबंध तालाब में 3 एमएलडी का ट्रीटमेंट प्लांट

*पुरानी बस्ती के खोखोतालाब में अनुबंधित एजेंसी 1 एमएलडी का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित कर रही है, इससे खोखो तालाब, बंधवा तालाब और प्रहलदवा तालाब का जलस्तर बढ़ेगा। नरैया तालाब में नालियों का गंदा पानी तालाब में जाने से रोकने 1 एमएलडी क्षमता के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण पर कार्य किया जा रहा है। इसी तरह महराजबंध तालाब में 10 करोड़ की लागत से 3 एमएलडी क्षमता का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाया गया है। तालाब में वीरभद्र नगर, बूढ़ातालाब और पुलिस लाइन के तरफ से पुजारी पार्क से क्रॉस होने वाले नाले का गंदा पानी सीधे तालाब में बहकर जा रहा है। इस गंदे पानी को को उपचारित करने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाया गया है।*

### पेनाल्टी लगाएंगे पैनल आने में देर

*अनुबंधित एजेंसी द्वारा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने के काम में लेटलतीफी की गई है, इसके लिए बकाया बिल भुगतान में नियम अनुसार पेनाल्टी लगाएंगे। महाराजबंध तालाब में एसटीपी का सिविल वर्क पूरा हो चुका है, पैनल लगा कर काम शुरू करना है, पैनल अभी आया नहीं है।*

*मीनल चौबे, महापौर, रायपुर नगर निगम*

# स्कूटी को बचाते झुलसे युवक की मौत आग लगाने वाला दोस्त गिरफ्तार

*मां ने डांटा तो स्कूटी जला रहा था, बचाने की कोशिश में मृतक स्वयं झुलसा*

*इलाज के दौरान अस्पताल में मौत, गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज*



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मां की डांट से आक्रोशित युवक की स्कूटी को बचाते वक्त खुद झुलसे युवक ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मामले में पुलिस ने स्कूटी जलाने वाले दोस्त के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है। मृतक स्कूटी को बचाने उस पर लेटा हुआ था, इसके बावजूद आरोपी ने उसे आग लगा दी थी।

गंभीर रूप से झुलसे साकिब रजा को इलाज के लिए डीके अस्पताल में दाखिल किया गया था, जहां कुछ दिन पहले उसने दम तोड़ दिया। मामला सामने आने के बाद सरस्वती नगर थाने की पुलिस ने जांच की और गवाहों के कथन और मिले साक्ष्य के आधार पर मुकेश निषाद के खिलाफ बीएनएस की धारा 194 के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार किया है। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया है कि रामसागर पारा में रहने वाले आरोपी मुकेश ने अपनी ओला स्कूटी साकिब रजा को चलाने के लिए दी थी। इसे लेकर मुकेश को मां ने काफी डांटा था। इसी नाराजगी पर 12 जुलाई को वह अपने दोस्तों के साथ कोटा पहुंचा और अपनी स्कूटी पर पेट्रोल छिड़ककर जलाने की कोशिश कर रहा था। साकिब उसे रोक रहा था और गाड़ी को बचाने उस पर लेट गया। मुकेश इतने गुस्से में था कि साकिब की परवाह किए बिना स्कूटी पर आग लगा दी। इस घटना में साकिब बुरी तरह झुलस गया था। दोस्तों ने अन्य लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए डीके अस्पताल लाकर दाखिल किया था। जहां इलाज के दौरान पांच दिन बाद उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जानकारी होने के बाद गवाहों के बयान लेने और मिले सबूत के आधार पर माना गया कि आरोपी की नीयत साकिब को जान से मारने की नहीं थी। उसका कृत्य भारतीय न्याय संहित की धारा 105 यानी गैर इरादतन हत्या का था।

## बिजनेस साइट

### एसएसआईपीएमटी एमबीए की सभी 204 सीटों पर 100% आवंटन



रायपुर। छत्तीसगढ़ तकनीकी शिक्षा संचालनालय द्वारा आयोजित एमबीए प्रवेश काउंसलिंग 2026-27 के प्रथम चरण में श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (एसएसआईपीएमटी), रायपुर ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। संस्थान के एमबीए कार्यक्रम की सभी 204 सीटों पर 100 प्रतिशत आवंटन हुआ है, जो विद्यार्थियों और अभिभावकों के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। संस्थान का एमबीए कार्यक्रम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उद्योगोन्मुख शिक्षण पद्धति, एआई-इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रम, अनुभवी संकाय, इंटर्नशिप अवसरों तथा प्लेसमेंट सहायता के लिए जाना जाता है। यही कारण है कि इस वर्ष भी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने एसएसआईपीएमटी को अपनी प्राथमिकता के रूप में चुना। संस्थान के चेयरमैन (बीजी) निशांत त्रिपाठी ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों, अभिभावकों, संकाय सदस्यों, कर्मचारियों, पूर्व छात्रों और सभी हितधारकों के सहयोग व विश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि संस्थान भविष्य में भी गुणवत्तापूर्ण प्रबंधन शिक्षा, नवाचार और उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल विकास के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

### प्रणवानंदा अकादमी के विद्यार्थियों ने कृषि महाविद्यालय का किया शैक्षणिक भ्रमण



रायपुर। प्रणवानंदा अकादमी द्वारा कक्षा 6 से 9 तक के विद्यार्थियों के लिए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को कृषि, पर्यावरण संरक्षण और वैज्ञानिक खेती की आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के विभिन्न विभागों का अवलोकन किया तथा फलदार, सब्जी एवं औषधीय पौधों को उनके वानस्पतिक नामों सहित समझा। विशेषज्ञों ने उन्हें जैविक खेती, उन्नत बीज, मृदा प्रबंधन, टिकाऊ कृषि पद्धतियों और खाद्य सुरक्षा में कृषि की भूमिका की विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों ने रासायनिक उर्वरकों के सीमित उपयोग तथा पर्यावरण-अनुकूल खेती के महत्व को भी जाना। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को कक्षा में अर्जित ज्ञान को व्यवहारिक रूप से समझने का अवसर मिला।

### रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स में ईसीएमओ तकनीक से बची 56 वर्षीय मरीज की जान

रायपुर। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स, रायपुर के चिकित्सकों ने उन्नत ईसीएमओ (एक्स्ट्रा कॉर्पोरियल मेम्ब्रेन ऑक्सीजनेशन) तकनीक और आपातकालीन एंजियोप्लास्टी की मदद से 56 वर्षीय एक मरीज की जान बचाकर गंभीर हृदय रोग उपचार में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। अस्पताल के अनुसार, रायपुर निवासी राजेश साहू (नाम परिवर्तित) को भीषण हृदयाघात के बाद अत्यंत गंभीर अवस्था में भर्ती कराया गया था। जांच में हृदय की तीनों प्रमुख धमनियों में गंभीर अवरोध, फेफड़ों में पानी भरना, अनियमित धड़कन और हृदय की पंपिंग क्षमता में भारी कमी पाई गई। प्रारंभिक उपचार के बावजूद मरीज की स्थिति लगातार बिगड़ती रही। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए विशेषज्ञ चिकित्सकों ने तत्काल ईसीएमओ जीवन रक्षक प्रणाली का सहारा लिया, जिससे हृदय और फेफड़ों का कार्य अस्थायी रूप से संचालित किया गया। मरीज की स्थिति स्थिर होने के बाद कोरोनरी एंजियोग्राफी और आपातकालीन एंजियोप्लास्टी कर मुख्य धमनी में दवा युक्त स्टेंट प्रत्यारोपित किया गया। उपचार के बाद मरीज की हालत में तेजी से सुधार हुआ और कुछ दिनों की गहन निगरानी के बाद उन्हें स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।




पत्र क्रं/33308/न.पा.नि./जोन क्रं - 6 / 2026
रायपुर, दिनांक 17-07-2026

**ईश्तहार**

नामंतरण प्र.क्र. 33308
वार्ड का नाम - 63 - ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड
एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 63 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR455100085 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती DHANURAM SAHU पिता / पति श्री/श्रीमती NAND SAHU के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती RAMKUNWAR SAHU पिता / पति श्री/श्रीमती DHANAOO SAHU ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / SHAPATH PATRA / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

"सूचना जारी करे"
श्री हितेन्द्र यादव
(जोन कमिश्नर) जोन (6)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**प्रारूप-37**
(नियम 61 (3) देखिए)
मोटरयान के रजिस्ट्रीकृत स्वामी को रद्दकरण के लिए रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र अभ्यर्पण करने और वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने की सूचना (दो प्रतियों में, दूसरी प्रति नोटिस जारी करने पर वित्तपोषक को भेजी जावेगी।)
रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी रायपुर सं. 1017
तारीख 20/07/2026
श्री/श्रीमती/कुमारी SHRI GANESH SINGH, Son/Wife/ Daughter of SHRI RAGHUWASHI SINGH, ADD-DINDO, SURGUJA, RAIPUR, C.G. 497225, MOB-7067394390, वित्तपोषक - INDUSIND BANK LIMITED, RAIPUR, C.G.-492001 ने यह सूचित किया है कि उसने उन्होंने उक्त करार उपबन्ध अधीन आपके व्यतिक्रम के कारण अवक्रय/आडमान/पट्टा करार अंतर्गत आने वाले मोटर यान जिसका रजिस्ट्रीकरण संख्या CG04QA3812 है, कब्जा ग्रहण कर लिया है और यह कि-
1. आपने उसे उन्हें रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र देने से इंकार कर दिया है। 2. आप फरार हो गये हैं।
उसने/उन्होंने रजिस्ट्रीकृत प्रमाण पत्र रद्द करने और अपने नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र जारी करने का अनुरोध किया है। अतः आपको उक्त मोटर यान का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र अभ्यर्पित करने को निर्देश दिया जाता है, जिसे आपने कब्जा खो देने पर धारा 2 (30) के अधीन स्वामित्व भी खो दिया है और इस बारे में आपका अभ्यावेदन, यदि कोई हो, तो इस नोटिस की आपके द्वारा प्राप्ति के सात दिन के भीतर इस कार्यालय को, करने का निर्देश दिया जाता है। आपके असफल रहने पर धारा 51 (5) के अनुसार आपके द्वारा धारित रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र रद्द करते हुये वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र जारी कर दिया जाएगा।
रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी रायपुर (छ.ग.)

## पेज 09 के शेष

### डीपीआई में 12 ....

प्यून-लिपिक को उनके मूल विभाग में भेजें। अब तक 15 प्राचार्यों का जवाब जिला शिक्षा कार्यालय को प्राप्त हुआ है, जिसमें उन्होंने कार्रवाई की जानकारी दी है। शेष का अभी इंतजार किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, विद्यालयों में अटैच शिक्षकों-कर्मचारियों की संख्या 30 से अधिक है।

### खुल गए नए ...

सबसे ज्यादा निराशा करने वाली बात यह है कि चिकित्सा शिक्षकों की कमी को दूर करने ऑल इंडिया लेवल पर संविदा भर्ती का प्रयास सफल होता नहीं दिख रहा है।

### सीजी के टॉपर्स ....

में एमबीबीएस की सीटों में इजाफा हुआ है। राज्य में इस बार शासकीय कालेजों में एमबीबीएस की 1725 और निजी कालेजों में 1200 यानी कुल 2925 सीट हो चुकी है।

### आरपीएफ की मुस्तैदी से ....

ड्यूटी पर तैनात प्रधान आरक्षक शिशुपाल ने प्लेटफॉर्म नंबर-5 का निरीक्षण किया। इस दौरान पोल नंबर-1045 और स्टॉल नंबर सी/3 के पास एक लावारिस काला बैग मिला। नियमानुसार वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ बैग की जांच की गई, जिसमें तीन लैपटॉप, तीन चार्जर, एक माउस, पुस्तकें, कपड़े तथा अन्य सामान मिला। इसके बाद बैग को सुरक्षित रूप से आरपीएफ पोस्ट, रायपुर में जमा कराया गया। शिकायतकर्ता को बैग सुरक्षित मिलने की सूचना दे दी गई है। उन्होंने बैग में रखे तीनों लैपटॉप की कीमत करीब 2.25 लाख रुपए बताई है तथा बैग प्राप्त करने के लिए अपने प्रतिनिधि को आरपीएफ पोस्ट भेजने की जानकारी दी है।

### सक्रिय है मानसून...

प्रभाव बिलासपुर संभाग के जिलों में रहने की संभावना है। जून की विदाई के दौरान राज्य में केवल 66 मिमी. बारिश हुई थी। इस दौरान सूखे की चिंता ने लोगों को परेशान कर दिया था। जुलाई में कुछ दिन रुकने के बाद मानसून सक्रिय हुआ और दो दौर में यहां हुई बारिश ने सभी नदी-नालों को लबालब कर दिया। प्रदेश में मानसून अभी भी सक्रिय है और पिछले छह दिन से भारी से अतिभारी बारिश का दौर जारी है।

### 238 इंजनों में ....

रेलवे के मुताबिक मुंबई-हावड़ा रेल कॉरिडोर पर संचार टावरों की स्थापना लगभग पूरी हो चुकी है, जबकि ऑप्टिकल फाइबर केबल, ओएफसी बिछाने का कार्य जारी है। तीनों रेल मंडलों में चरणबद्ध तरीके से फील्ड परीक्षण, लोको ट्रायल और कमीशनिंग का कार्य किया जा रहा है। बता दें कि कवच भारतीय रेल की स्वदेशी ट्रेन सुरक्षा प्रणाली है। इसका उद्देश्य ट्रेनों के संचालन को अधिक सुरक्षित बनाना और ट्रेनों के आपस में टकराने जैसी दुर्घटनाओं की संभावना को कम करना है।

**नागपुर से दुर्ग के बीच फील्ड इंस्टॉलेशन कार्य पूरे:** नागपुर-दुर्ग 260 रूट किमी सेक्शन को चालू वित्तीय वर्ष में एसआईएल-4 कमीशनिंग के लिए चिन्हित किया गया है। नागपुर-गोंदिया सेक्शन में सभी फील्ड इंस्टॉलेशन कार्य पूरे हो चुके हैं। वर्तमान में साइट एक्सेप्टेंस टेस्ट और लोकोमोटिव ट्रायल जारी हैं। वहीं गोंदिया-दुर्ग सेक्शन में फील्ड इंस्टॉलेशन का कार्य प्रगति पर है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेंटर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेंटर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी • एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी • सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाइड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा • आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार, • TPA की सुविधा
मॉं और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# स्कूली बाइकर्स के साथ ओवरलोड आटो भी पुलिस के घेरे में, तीन दिन में 145 पर कार्रवाई

## जान जोखिम में डालने का हवाला, जुर्माना के साथ चेतावनी और जागरूकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

स्कूल खुलते ही राजधानी की सड़कों में फर्राटे के साथ दौड़ने वाले नाबालिग वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। इसके अलावा बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे लाने-ले जाने वाले आटो चालक भी पुलिस के घेरे में आ गए हैं। तीन दिनों में 145 लोगों पर कार्रवाई के साथ ऐसे लोगों को चेतावनी के साथ जागरुकता का पाठ भी पढ़ाया जा रहा है।

तर्क दिया जा रहा है कि स्कूली बच्चे की ड्रायविंग और ओवरलोड आटो रिक्शा जान जोखिम में डाल सकते हैं। बिना लाइसेंस गाड़ी दौड़ने वाले इन वाहन चालकों के खिलाफ स्कूली-कालेज लगने और छूटने के दौरान कार्रवाई की जा रही है। मंगलवार को अभियान के दौरान केपीएस स्कूल कमल विहार, आत्मानंद स्कूल पचपेड़ी नाका, भारत माता स्कूल टाटीबंध, जेआर.दानी स्कूल कालीबाड़ी, देशबंधु स्कूल अग्रसेन चौक, रेयान स्कूल अवंति विहार, केंद्रीय विद्यालय डब्लूआरएस कॉलोनी सहित शहर के अनेक विद्यालयों के बाहर विशेष जांच की गई।तीन दिन से चलाए जा रहे इस अभियान के दौरान शहर के विभिन्न विद्यालयों के बाहर नाबालिग बच्चों द्वारा मोटरसाइकिल चलाकर विद्यालय आने तथा क्षमता से अधिक स्कूली बच्चों को बैठाकर ऑटो-रिक्शा संचालित करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत कुल 145 प्रकरणों में वैधानिक कार्रवाई की गई। पुलिस उपायुक्त (यातायात) डॉ. अर्चना झा का कहना है कि यातायात व्यवस्था में चरणबद्ध सुधार लाने के उद्देश्य से लगातार विभिन्न सुधारात्मक एवं जनजागरूकता अभियान संचालित किए जा रहे हैं। यातायात पुलिस का उद्देश्य नागरिकों विशेषकर नई पीढ़ी में सुरक्षित एवं अनुशासित रोड कल्चर विकसित करना भी है



### स्कूली प्राचार्यों की बैठक भी

यातायात पुलिस इस अभियान को केवल चालानी कार्रवाई तक सीमित न करते हुए जागरुकता पर भी जोर दे रही है। इस संबंध में विद्यालय प्राचार्यों के साथ समन्वय बैठक आयोजित की गई जिसमें विद्यालय परिसर में नाबालिग विद्यार्थियों के वाहन लेकर आने पर रोक लगाने, अभिभावकों को नियमित रूप से जागरूक करने तथा सुरक्षित स्कूल परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विस्तृत चर्चा की गई।साथ पकड़े गए नाबालिग वाहन चालकों के परिजनों को यातायात मुख्यालय, कालीबाड़ी में बुलाकर काउंसलिंग की गई। इस दौरान सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित प्रेजेंटेशन एवं वीडियो के माध्यम से यह बताया गया कि कम आयु में वाहन चलाना बच्चों के जीवन के लिए कितना गंभीर जोखिम है।

## खबर संक्षेप

### रोड कंक्रीटीकरण में अनियमितता, ज्ञापन सौंपा



**रायपुर।** वीरांगना अवंती बाई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा जोन 2 के अंतर्गत चल रहे रोड कांक्रीटीकरण कार्यों में अनियमितता की शिकायत को लेकर जोन 2 आयुक्त कोज्ञापन सौंपा गया। शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा कि जोन क्षेत्र में कई स्थानों पर पुराने कांक्रीट मार्ग को बिना हटाए उसके ऊपर ही नया कांक्रीटीकरण किया जा रहा है, जिससे सड़क की ऊंचाई लगातार बढ़ रही है। इसके कारण मकान सड़क से नीचे होते जा रहे हैं और बरसात के दौरान जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न होने की आशंका है। कांग्रेस ने मांग की कि पुराने कांक्रीट को नियमानुसार हटाकर गुणवत्ता के साथ नए सिरे से सड़क निर्माण कराया जाए। ज्ञापन के माध्यम से नियमित सफाई व्यवस्था, कचरा उठाने की समुचित व्यवस्था, बंद एवं खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों की तत्काल मरम्मत, जाम नालियों की सफाई, नालों की टूटी दीवारों का निर्माण तथा जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान की मांग की गई। साथ ही क्षेत्र में स्थित जर्जर सामुदायिक भवन की मरम्मत अथवा पुनर्निर्माण कर नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग रखी गई। वीरांगना अवंती बाई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमल धृतलहरे ने आयुक्त से आग्रह किया कि जनहित से जुड़े इन मुद्दों पर तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं। इस दौरान मिलिंद गौतम, संजय सोनी,माधव, आसिफ मेमन, विजय सिक्का, रबल मेहता, युधिष्ठिर नायक, कीमत दीप, सुशांत डे, संतोष गुप्तासहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### 101 चिकित्सकों को दिया आरोग्य शिरोमणि सम्मान



**रायपुर।** शकुंतला फाउंडेशन छत्तीसगढ़ द्वारा चिकित्सकों के सम्मान में भव्य आरोग्य शिरोमणि सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों के चिकित्सकों ने बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में फाउंडेशन की वरिष्ठ समाजसेवी स्मिता सिंह ने निस्वार्थ भाव से सेवाकार्य कर रहे 101 से भी अधिक चिकित्सकों को सम्मानित किया। संस्था द्वारा सभी सम्मानित चिकित्सकों को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके योगदान को सराहा गया। इस मौके पर फाउंडेशन की संस्थापिका स्मिता सिंह ने कहा कि समाज में सेवाभाव रखने वाले चिकित्सकों को सम्मानित करना हमारा कर्तव्य है। ऐसे आयोजन से समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और अधिक से अधिक लोग निस्वार्थ सेवा के लिए प्रेरित होंगे। कार्यक्रम को चिकित्सकों और उपस्थित नागरिकों द्वारा खूब सराहा गया। इसी दौरान लोरमी मेडिकल टीम को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। यह सम्मान टीम के के प्रेसिडेंट मिंटू छाबड़ा, राजेंद्र साहू, अवधेश राजपूत, मुकेश कश्यप, जीवन साहू ने ग्रहण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. अजय सहाय, डॉ. प्रतीक पांडे, डॉ. प्रतीक धावलिया, डॉ. जावेद परवेज एवं डॉ. प्रतीक पांडे, डॉ. ए. सुरेश कुमार, अशोक, डॉ. कृष्णकांत साहू, डॉ. रूपेंद्र, गो-सेवक श्याम प्रकाश साहू, विशाल मिश्रा, अनामिका गुहा एवं संजना सिंह आदि उपस्थित रहे।

### काव्य संध्या राहगीरी का आयोजन 26 को

**रायपुर।** नवरंग काव्य मंच द्वारा 26 जुलाई को भव्य काव्य संध्या राहगीरी का आयोजन सिविल लाइंस स्थित वृंदावन सभागार में शाम 5 बजे से प्रारंभ होगा। इस दौरान नवोदित एवं मूर्धन्य कवि अपने काव्य पाठ से विविध रसों की बौछार करेंगे। कार्यक्रम में कवि राजेश जैन राही द्वारा राहगीरी जीवन का सफर कविताओं के साथ की एकल प्रस्तुति भी होगी। शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं का सम्मान भी होगा।

## स्वास्थ्य मंत्री ने मेडलीपार द्वारा जांच प्रकिया को त्वरित करने दिए निर्देश

# सीसीटीएनएस को सशक्त बनाने डिप्टी सीएम शर्मा ने की उच्चस्तरीय समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में नवीन भारतीय न्याय संहिता के प्रभावी क्रियान्वयन तथा न्याय प्रक्रिया को तकनीक आधारित, सरल एवं त्वरित बनाने उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मंगलवार को क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रेकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम (सीसीटीएनएस) की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक ली। इसमें सीसीटीएनएस के संचालन में आ रही व्यावहारिक चुनौतियों, विभिन्न डिजिटल मॉड्यूल के एकीकरण तथा न्यायिक एवं पुलिस व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने चर्चा की गई।

उप मुख्यमंत्री ने कहा, नवीन भारतीय न्याय संहिता के अनुरूप अपराधों की विवेचना, साक्ष्य संकलन, न्यायालयीन प्रक्रिया तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय को पूर्णतः डिजिटल और समयबद्ध बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि सीसीटीएनएस के माध्यम से न्याय प्रक्रिया के प्रत्येक चरण को अधिक सुगम, पारदर्शी और नागरिक हितैषी बनाया जाए।

### डिजिटल मॉड्यूल के प्रभावी संचालन पर जोर

बैठक में ई-एफआईआर, ई-चालान, ई-साक्ष्य, मेडलीपार, ई-प्रिजन, ई-फोरेंसिक, सीआईएस, न्याय श्रुति तथा अन्य डिजिटल प्रणालियों को सीसीटीएनएस के साथ प्रभावी रूप से संचालित करने पर विस्तार से चर्चा हुई। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन सभी मॉड्यूलों के बीच समन्वय स्थापित कर न्याय प्रक्रिया को अधिक तेज और पारदर्शी बनाया जाए, जिससे नागरिकों को त्वरित न्याय उपलब्ध हो सके।

### सभी जिलों में विशेष प्रशिक्षण अभियान

उन्होंने कहा कि डिजिटल साक्ष्यों का महत्व लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि राज्य के सभी जिलों में पुलिस अधिकारियों एवं संबंधित कर्मचारियों को ई-साक्ष्य प्रणाली का व्यापक प्रशिक्षण दिया जाए, ताकि डिजिटल साक्ष्यों का संकलन, संरक्षण एवं न्यायालय में प्रस्तुतिकरण पूरी दक्षता के साथ किया जा सके। उन्होंने अच्छा कार्य करें वाले जिलों को प्रोत्साहित करने कहा।



### 'न्याय श्रुति' को शीघ्र किया जाएगा गो-लाइव

उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि उच्च न्यायालय के माध्यम से सभी न्यायाधीशों की आवश्यक आईडी तैयार कराकर न्याय श्रुति प्रणाली को जल्द से जल्द गो-लाइव किया जाए, जिससे न्यायालयीन प्रक्रियाओं में तकनीक का अधिक प्रभावी उपयोग सुनिश्चित हो सके।

### निजी अस्पतालों को भी सीसीटीएनएस से जोड़ने की पहल

श्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकारी अस्पतालों के साथ-साथ निजी अस्पतालों को भी चरणबद्ध तरीके से सीसीटीएनएस प्रणाली से जोड़ने के प्रयास किए जाएं। इससे मेडिकल साक्ष्यों के आदान-प्रदान और जांच प्रक्रिया में तेजी आएगी तथा न्यायिक प्रक्रिया और अधिक प्रभावी बनेगी।

### आईसीजेएस के पांचों स्तंभों को मजबूत करने पर जोर

श्री शर्मा ने नवीन भारतीय न्याय संहिता के अनुरूप न्याय व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के लिए इंटरऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम के सभी पांचों स्तंभों को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस, न्यायालय, जेल, फोरेंसिक तथा अभियोजन तंत्र के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर न्याय प्रक्रिया को समयबद्ध बनाया जाए।

### मेडलीपार से जुड़ेंगे जिला अस्पताल, स्वास्थ्य मंत्री ने दिया सहयोग का भरोसा

बैठक में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मेडिकल जांच एवं रिपोर्ट की प्रक्रिया को और तेज बनाने के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कार्ययोजना तैयार कर सभी जिला अस्पतालों को मेडलीपार प्रणाली से जोड़ने तथा प्रत्येक जिले में नोडल अधिकारी नियुक्त कर प्रशिक्षण आयोजित करने के निर्देश दिए।

### दुर्ग, बिलासपुर और रायपुर कमिश्नरेट के सभी थानों में होंगे ई-साइनिंग पैड

बैठक में प्रार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रारंभिक चरण में दुर्ग, बिलासपुर तथा रायपुर कमिश्नरेट के सभी थानों में तथा राज्य के प्रत्येक जिले के दो-दो थानों में इस माह के अंत तक दो-दो ई-साइनिंग पैड उपलब्ध कराए जाएं। इससे शिकायतकर्ताओं के डिजिटल हस्ताक्षर की प्रक्रिया सरल होगी और दस्तावेजों का ऑनलाइन निष्पादन अधिक प्रभावी ढंग से हो सकेगा।

# तालाब किनारे गड्ढे से डंप रॉयल गोवा विहस्की की 30 पेटी जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अवैध बिक्री के लिए लाई गई रॉयल गोवा विहस्की की 30 पेटी तालाब किनारे गड्ढे में डंप करने के दौरान पकड़ी गई। आबकारी विभाग ने आधी रात जब छापेमारी की, तो शराब छुपा रहे बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भाग खड़े हुए। बरामद शराब की कीमत 1.72 लाख रुपए आंकी गई है। दिलचस्प बात यह कि प्लास्टिक की बोतल में मिलने वाली यह शराब केवल गोवा में बिक्री की जाती है। इसे चोरी-छिपे छत्तीसगढ़ में खपाया जा रहा है। आबकारी विभाग शराब तस्करी रोकने लगातार छापामारी कर रहा है।

- केवल गोवा में बिक्री की जाती है यह शराब, आबकारी विभाग ने बड़ा मामला पकड़ा

आबकारी विभाग की टीम को पता चला था कि आरंग रोड पर अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। जांच टीम लगातार क्षेत्र में रात होने के बाद जांच अभियान चला रही थी। सोम-मंगल की दरम्यानी रात सूचना मिली कि नवागांव से गोढ़ी मार्ग के बीच कुछ असामाजिक तत्वों की गतिविधि देखी जा रही है। आशंका थी कि संदिग्ध लोग शराब तस्कर हो सकते हैं। आबकारी टीम ने सर्चिंग कार्रवाई की, तो नवागांव-गोढ़ी मार्ग तालाब किनारे कुछ लोग नजर आए, जो टीम को देखते हुए अंधेरे का फायदा उठाकर अपनी गाड़ियों में भाग खड़े हुए।

जांच टीम ने घटना स्थल के आसपास जांच की, तो एक स्थान पर मिट्टी ऐसी दिखी जो कुछ देर पहले ही पाटी गई थी। मिट्टी हटाने पर वहां शराब डंप करने का मामला खुल गया। गड्ढे में 15 झिल्लियों में बंद रॉयल गोवा विहस्की लिखे हुए कार्टून की 30 पेटियों में कुल 1440 नग प्लास्टिक पौवा रॉयल गोवा विहस्की जब्त की। बरामद शराब की कीमत 1.72 लाख रुपए आंकी गई है और उसे वहां छिपाने वाले आरोपियों की तलाश की जा रही है। मामले की जांच सहायक जिला आबकारी अधिकारी आशीप सिंह कर रहे हैं। शराब जब्त करने में सहायक जिला आबकारी अधिकारी डीडी पटेल, आबकारी उप निरीक्षक प्रकाश देशमुख, मेघा मिश्रा चौबे सहित अन्य लोग शामिल थे।

# अवैध व्यावसायिक निर्माण हटाने निगम की कार्रवाई दर्जनभर कॉलम तोड़े



**रायपुर।** नगर निगम जोन 6 क्षेत्र के चंद्रशेखर आजाद वार्ड स्थित मनसपुरम में मंगलवार को 2 हजार वर्गफीट क्षेत्र में किए जा रहे अवैध व्यावसायिक निर्माण पर कार्रवाई की गई। निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर जोन 6 जोन कमिश्नर हितेन्द्र यादव के मार्गनिर्देशन एवं कार्यपालन अभियंता दिनेश सिन्हा, सहायक अभियंता आशीष श्रीवास्तव की उपस्थिति में वहां निर्मित किये गए अवैध कॉलम एवं फुटिंग को जेसीबी मशीन की सहायता से स्थल पर तोड़ा गया। नगर निगम जोन 6 नगर निवेश विभाग की टीम ने इस दौरान 12 अवैध कॉलम तोड़ गिराया।

### रेस्टोरेंट की स्वच्छता का निरीक्षण गंदगी फैलाने पर ई जुर्माना

रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 10 के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने स्वच्छता से सम्बंधितजनशिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी लेने डुंडा बोरिया के देवी स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट की स्वच्छता व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गंदगी फैलाया जाने और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम का उल्लंघन करना पाया गया। जनशिकायत स्थल पर पूरी तरह सही मिलने पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी अमित बेहरा एवं स्वच्छता निरीक्षक यशवंत बेरिहा ने देवी स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट के संबंधित संचालक को भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देते हुए स्वच्छता दीदियों की स्थल पर उपस्थिति में 10 हजार रुपए का ई जुर्माना किया।

### नेता प्रतिपक्ष ने कसा तंज

# निगम में सिर्फ बैठकें हो रही धरातल पर स्थिति दयनीय



**रायपुर।** रायपुर नगर निगम में बैठकों के दौर और धरातल पर लचर व्यवस्था को लेकर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने कड़ा विरोध जताया है। श्री तिवारी ने निगम प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा है कि नगर निगम में इन दिनों केवल बंद कमरों में बैठकों का दौर चल रहा है। कभी विधायक, कभी महापौर तो कभी निगम आयुक्त द्वारा बैठकें ली जा रही हैं, लेकिन शहर की आम जनता की मूलभूत समस्याओं और बुनियादी सुविधाओं के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने सवाल उठाते हुए कहा कि जिस प्रकार नगर निगम संपत्ति कर और टैक्स वसूली के लिए अधिकारियों की जवाबदेही और जिम्मेदारी तय कर रहा है, वैसी ही सख्ती शहर की आम जनता की मूलभूत सुविधाओं के लिए क्यों नहीं उठाई जा रही है? यदि बुनियादी जरूरतों और साफ-सफाई के प्रति वैसी ही जिम्मेदारी तय होती, तो आज राजधानी रायपुर की तस्वीर कुछ और होती। उन्होंने आरोप लगाया है कि शहर की सफाई व्यवस्था इतनी लचर हो चुकी हैकि इसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप रायपुर शहर के 70 वार्ड पहली बार जलभराव की चपेट में आ गए थे, कुछ लोगों के घरों में तो पानी घुसने से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा था।

# मूणत बोले- पार्किंग व्यवस्था के बगैर व्यावसायिक निर्माण पर लगाएं ब्रेक, डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन पर दें जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने निगम के अधिकारियों से कहा है कि शहर में बगैर पार्किंग व्यवस्था के नए निर्माण किसी भी हालत में नहीं होना चाहिए। इससे लोगों को ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। पुराने व्यावसायिक परिसर निर्माण में पार्किंग नहीं होने पर किसे तोड़ें, किसे छोड़ें सोचना छोड़कर मुख्य फोकस अब नए व्यावसायिक निर्माण पर हो, जिसमें पार्किंग की व्यवस्था अनिवार्य रूप से हो। शहर के कई इलाकों में लोगों के घरों से नियमित कचरा नहीं उठने और कचरा गाड़ियों की टाइमिंग को लेकर आ रही शिकायत पर श्री मूणत ने निगम आयुक्त संबित मिश्रा सहित अधिकारियों को निर्देशित किया कि

रामकी के एग्रीमेंट की समीक्षा करें। आम जनता से लिए जाने वाला यूजर चार्ज बढ़ाने के बाद भी डोर टू डोर कचरा कलेक्शन नहीं होने की शिकायत पर उन्होंने नाराजगी जताई। श्री मूणत ने अधिकारियों से दो टूक शब्दों में कहा कि रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में कोई भी नियम विपरीत कार्य कदापि सहन नहीं किया जाएगा।

रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों, महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर, तथा रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के जोन क्रमांक 5, 7,8 के 20 वार्डो के सभी पार्षदों के साथ 5 घंटे तक बैठक ली। यह बैठक केवल विभागीय समीक्षा तक सीमित नहीं रही, बल्कि रायपुर पश्चिम के समग्र एवं दीर्घकालिक विकास का रोडमैप तैयार करने के मकसद से की गई। बैठक में प्रत्येक वार्ड की समस्याओं को अलग-अलग चिन्हित कर उनके समय-सीमा में समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई।



### खास बातें

- रायपुर पश्चिम के 20 वार्डों की 5 घंटे तक चली समग्र समीक्षा, विधायक राजेश मूणत ने 25 बिंदुओं पर मांगे जवाब
- शिवानंद नगर में रेलवे पटरी किनारे का बाजार होगा सुव्यवस्थित
- भैंसथान में वर्किंग वूमन हॉस्टल की कार्य स्थिति पर अधिकारियों से मांगी जानकारी

## उपभोक्ताओं से मीटर बदलने भरवाए आवेदन, विद्युत मंडल के अफसरों से मांगा जवाब

# स्मार्ट मीटर बदलने की मांग, शहर कांग्रेस ने घेरा चंगोराभाठा बिजली दफ्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा स्मार्ट मीटर को लेकर चलाए जा रहे जन जागरण अभियान के तहत मंगलवार को डॉ. खूबचंद बघेल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में चंगोराभाठा स्थित बिजली कार्यालय का घेराव किया गया। अभियान के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने घर घर जाकर स्मार्ट मीटर बदलने संबंधी आवेदन पत्र भरवाए तथा बड़ी संख्या में आम नागरिकों के आवेदन एकत्रित किए।

अभियान के दौरान सैकड़ों की संख्या में आवेदन पत्र वितरित किए गए। क्षेत्र के लोगों ने बढ़े हुए बिजली बिलों और स्मार्ट मीटर को लेकर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लिया। आवेदन पत्र वितरण के बाद शहर जिला कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने चंगोराभाठा स्थित बिजली कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने स्मार्ट मीटर के विरोध में जोरदार नारेबाजी की तथा बिजली विभाग के अधिकारियों से आम जनता को आ रहे अत्यधिक बिजली बिलों के संबंध में जवाब मांगा।




### समांतर टेस्टिंग मीटर लगाने का आश्वासन

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा, स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद लगातार बड़ी संख्या में उपभोक्ता बढ़े हुए बिजली बिलों की शिकायत लेकर आ रहे हैं। कांग्रेस जनता की इन शिकायतों को गंभीरता से उठाते हुए घर-घर जाकर आवेदन भरवा रही है और उन्हें बिजली विभाग तक पहुंचा रही है। चंगोराभाठा क्षेत्र में भी लोगों का व्यापक समर्थन मिला है। बिजली विभाग के अधिकारियों ने समानांतर टेस्टिंग मीटर लगाने का आश्वासन दिया है। शिकायतों का संतोषजनक समाधान नहीं हुआ, तो शहर जिला कांग्रेस कमेटी आम जनता के हित में आंदोलन को और व्यापक रूप देगी।

### ये थे मौजूद

इस दौरान शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन, प्रमोद दुबे, विकास उपाध्याय, कन्हैया अग्रवाल, आकाश शर्मा, विनोद ठाकुर, दीपेश कृपाल, उत्तम साहू, जी सुभाषिनी देवांगन, मुन्ना मिश्रा, ऋषि देवांगन, सुनील ध्रुव, विनोद यादव, टीकम सोनकर, कविता वर्मा, शरद गुप्ता, शंकर लाल सेन, लीला वैष्णव, राजेश यद्दु, प्रीति सारथी, सुनील देवांगन, देव निर्मलकर, रितेश देवांगन, मुकुंद कागदेवार, निशा शर्मा, पूनम पांडे, भावेश सारथी, आवेश खान, नियाज जौहरी, मयंक ठाकुर, मनोज केसरवानी, छगन साहू, अंकालू साहू, एवं सभी वार्डवासी शामिल हुए।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 22 जुलाई 2026

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



घर-आफिस में आराध्य देवी-देवताओं ...

## एजुकेशन अलर्ट

### यूपीएससी ने प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल के पदों के लिए नोटिफिकेशन किया जारी

**रायपुर।** संघ लोक सेवा आयोग ने प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल के पदों पर भर्ती के लिए ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। जो उम्मीदवार इन पदों पर नौकरी करने के लिए आवेदन करना चाहते हैं। वे उम्मीदवार जल्द ही यूपीएससी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकेंगे। इन पदों पर ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 25 जुलाई से शुरू हो जाएगी। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर 14 अगस्त 2026 तक अपना फॉर्म भर सकेंगे। इस भर्ती अभियान के जरिये कुल 828 उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा, जिसमें वाइस प्रिसिंपल के लिए 704 पद और प्रिंसिपल के लिए कुल 124 पद आरक्षित किए गए हैं।

प्रिंसिपल के पदों पर आवेदन करने के लिए जनरल और ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए अधिकतम आयु 50 वर्ष, ओबीसी उम्मीदवारों के लिए कुल 53 वर्ष और एससी एवं एसटी उम्मीदवारों के लिए 55 वर्ष निर्धारित की गई है। इसके अलावा, वाइस प्रिंसिपल के पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की आयु 35 वर्ष, ओबीसी के लिए 38 और एससी एवं एसटी उम्मीदवारों के लिए 40 वर्ष निर्धारित है। आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को आयु-सीमा में छूट भी दी जाएगी।





#### 124 पदों पर होनी है भर्ती

प्रिंसिपल के कुल 124 पदों पर भर्ती होनी है। इसमें जनरल उम्मीदवारों के लिए 69 पद, ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए 11 पद, ओबीसी के लिए 18 पद, एससी के लिए 16 पद और एसटी के लिए 10 पद आरक्षित किए गए हैं। इसके अलावा, वाइस प्रिंसिपल के कुल 704 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसमें जनरल के लिए 287, ईडब्ल्यूएस के लिए कुल 71 पद, ओबीसी के लिए कुल 189 पद, एससी के लिए कुल 103 पद और एसटी के लिए कुल 54 पद आरक्षित किए गए हैं।

#### इन स्टेप्स से कर सकेंगे स्वयं अप्लाई

यूपीएससी की ओर से जल्द ही प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल के पदों पर आवेदन शुरू होने वाले हैं। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकेंगे। आवेदन करने के लिए सबसे पहले ऑफिशियल वेबसाइट **upsc.gov.in** पर जाकर विजिट करना होगा।अब वेबसाइट के होमपेज पर रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करना होगा।लिंक पर क्लिक करने के बाद मांगी गई सभी डिटेल को ध्यान से दर्ज करना होगा।अब जरूरी दस्तावेजों की स्कैन कॉपी और रजिस्ट्रेशन फीस का भुगतान करना होगा।अंत में इसका एक प्रिंट आउट भी निकाल लें।

## सिटी इवेंट

### संस्कृति, परंपराओं को बढ़ाने के लिए भाषा से लगाव जरूरी



**रायपुर।** 'स्वराज से साम्राज्य तक' विशेष कार्यशाला में मुख्य अतिथि डॉ. मनीषा रुईकर ने कहा कि मराठी को लेकर महाराष्ट्र मंडल में किया जा रहा काम प्रशंसनीय हैं। खासकर मराठी सिखाने को लेकर क्लासेस का संचालन बहुत जरूरी है। एम्स की प्रोफेसर और सामुदायिक चिकित्सा विभाग की अध्यक्ष डॉ. रुईकर ने कहा कि हमें अपनी अगली पीढ़ी को मराठी सिखानी ही चाहिए, क्योंकि भाषा का संबंध संस्कृति और परंपराओं को आगे बढ़ाने से भी होता है। इसके लिए सबसे जरूरी है कि घर में मराठी में बातचीत करें और अपना पूरा व्यवहार मराठी में ही करें। डॉ. रुईकर ने मराठी में अपने ही संबोधन में जोर देकर कहा कि महाराष्ट्र मंडल को अपने सभासदों के घरों में जाकर मराठी में बात कर रहे हैं या नहीं, इस बात की पड़ताल करनी चाहिए। जिस घर में मराठी का वातावरण नहीं है, वहां अभिभावकों से लेकर बच्चों तक को मराठी क्लासेस जॉइन करवाने सहित और भी जरूरी प्रयास करने चाहिए।

#### आगे बढ़े, वह जगह आज भी हिंदुस्तान के नक्शे पर

इस मौके पर शिवाजी रायगढ़ स्मारक मंडल, पुणे के कार्यवाह और मुख्य वक्ता सुधीर थोरात ने कहा कि हमें एक बात हमेशा याद रखनी चाहिए कि हिंदवी स्वराज के लिए छत्रपति शिवाजी महाराज और उनके वंशजों का संघर्ष सिर्फ मराठों के लिए नहीं, बल्कि समूचे हिंदू समाज के लिए था। जहां-जहां मराठा राजा, पेशवा युद्ध करते हुए आगे बढ़े, वह जगह आज भी हिंदुस्तान के नक्शे पर है। अटक से कटक तक साम्राज्य का आधार भी यही है। मराठे पूर्वी बंगाल तक तो गए, लेकिन पश्चिम बंगाल नहीं जा पाए। परिणाम स्वरूप पश्चिम बंगाल पहले पूर्वी पाकिस्तान और बाद में बंगलादेश बन गया। कार्यशाला के अंतिम दिन मुख्य अतिथि डॉ. मनीषा रुईकर का महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय काले, सचिव चेतन दंडवते सहित कार्यकारिणी सदस्यों ने माला, शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर कर सम्मानित किया। इसी तरह छत्रपति शिवाजी महाराज पर आयोजन समिति के पदाधिकारियों और पुणे से आए सुधीर थोरात और विक्रम सिंह मोहिते को सम्मानित किया।

### सियान गुड़ी में बुजुर्गों से कल मिलेंगे सेवानिवृत्त अधिकारी

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल द्वारा संचालित और समाज कल्याण विभाग से अनुदानित सियान गुड़ी में गुरुवार 23 जुलाई को वृद्धजनों से भेंटवार्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त बुजुर्ग सियान गुड़ी पहुंचेंगे। इस दौरान उपस्थित वृद्धजनों को अपनी रुचि और भावनाओं के प्रदर्शन के लिए खुला मंच प्रदान किया जाएगा। महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले ने बताया कि शिक्षा विभाग के सेवानिवृत्त हुए सीनियर सिटीजन्स गुरुवार को सियान गुड़ी पहुंचेंगे। इस दौरान सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए भजन का आयोजन किया गया है। इस दौरान सभी बुजुर्गों को उनकी अभिरुचि के अनुरूप खुला मंच दिया जाएगा।

## युवाओं से लेकर महिलाएं तक भी अपना रहीं नई एक्सरसाइज

# जिम में योग, डांस और स्ट्रेंथ ट्रेनिंग के कॉम्बिनेशन से बढ़ रही फिटनेस

**बदलती जीवनशैली और फिट रहने की बढ़ती जागरूकता के बीच शहर के जिम में अब पारंपरिक वर्कआउट की जगह फ्यूजन वर्कआउट तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। योग, कार्डियो, डांस, स्ट्रेंथ ट्रेनिंग और फंक्शनल एक्सरसाइज के मिश्रण से तैयार यह वर्कआउट युवाओं के साथ-साथ महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को भी आकर्षित कर रहा है। फिटनेस ट्रेनर्स का कहना है कि इस तरीके से शरीर की क्षमता बढ़ने के साथ तनाव कम होता है, वजन नियंत्रित रहता है और पूरे शरीर की सक्रियता बनी रहती है।**





**रायपुर।** शहर के कई जिम में अब फ्यूजन वर्कआउट के लिए अलग बैच संचालित किए जा रहे हैं। एक घंटे के सत्र में अलग-अलग प्रकार की एक्सरसाइज को इस तरह जोड़ा जाता है कि शरीर के सभी अंग सक्रिय रहें। ट्रेनर विवेक कश्यप बताते हैं कि फ्यूजन वर्कआउट की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें एक जैसी एक्सरसाइज बार-बार नहीं करनी पड़ती। अलग-अलग गतिविधियों के कारण वर्कआउट रोचक बना रहता है और शरीर पर अनावश्यक दबाव भी नहीं पड़ता। इससे लोग नियमित रूप से एक्सरसाइज करने के लिए प्रेरित होते हैं।

### योगालेटीज से ब्रीदिंग कंट्रोल पर फोकस

फिटनेस विशेषज्ञों के अनुसार योगालेटीज में योग, पिलाटीज और स्ट्रेचिंग का संयोजन होता है। इसमें सांस लेने की सही तकनीक के साथ शरीर की लचक और संतुलन पर विशेष ध्यान दिया जाता है। यह एक्सरसाइज पूरे शरीर को स्ट्रेच करने के साथ मांसपेशियों को मजबूत बनाती है। कई जिमों में अब ऐसे फिटनेस प्रोग्राम भी शुरू किए गए हैं, जिन्हें मोबाइल एप के माध्यम से घर पर भी किया जा सकता है। फिटनेस ट्रेनर्स का मानना है कि नियमित फ्यूजन वर्कआउट से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि मानसिक तनाव कम करने, ऊर्जा बढ़ाने और बेहतर जीवनशैली अपनाने में भी मदद मिलती है। यही वजह है कि शहर में इसकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है।



### सात तरह की एक्सरसाइज का मिश्रण

फ्यूजन वर्कआउट में योग, डांस, स्ट्रेंथ ट्रेनिंग, फंक्शनल मूवमेंट, बैलेंस एक्सरसाइज, मेटाबॉलिज्म एक्टिविटी और स्ट्रेचिंग को एक साथ शामिल किया जाता है। शहर के अधिकांश जिम में इसके लिए विशेष बैच बनाए गए हैं, जहां एक साथ 20 से अधिक लोग प्रशिक्षण लेते हैं। ट्रेनर्स के अनुसार इस तरह के वर्कआउट से शरीर की ताकत, संतुलन, लचीलापन और एकाग्रता बेहतर होती है। साथ ही मोटापा नियंत्रित करने और शरीर की कार्यक्षमता बढ़ाने में भी यह प्रभावी माना जा रहा है।





### फ्यूजन योग भी बना पसंदीदा विकल्प

फ्यूजन योग भी तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। इसमें पारंपरिक योग को मार्शल आर्ट, कार्डियो और अन्य आधुनिक एक्सरसाइज के साथ जोड़ा जाता है। फिटनेस ट्रेनर विक्रम नाथ बताते हैं कि यह वर्कआउट विशेष रूप से उन लोगों को पसंद आ रहा है, जो योग के साथ कुछ नया अनुभव करना चाहते हैं। इसमें विभिन्न योगासन और तेज गति वाली गतिविधियों का संयोजन होता है, जिससे शरीर अधिक सक्रिय रहता है और फैट बर्निंग की प्रक्रिया भी तेज होती है।





### एनर्जी लेवल बढ़ाने में कारगर

फिटनेस ट्रेनर मानिक ताम्रकार के अनुसार पहले लोग सीधे डंबल्स, ट्रेडमिल या कार्डियो से शुरुआत करते थे, लेकिन अब अधिकतर लोग फ्यूजन वर्कआउट को प्राथमिकता दे रहे हैं। इसमें शरीर के लगभग सभी अंगों की गतिविधियां शामिल रहती हैं। पारंपरिक और आधुनिक एक्सरसाइज के संयोजन से तैयार यह वर्कआउट शरीर का एनर्जी लेवल बढ़ाने के साथ कैलोरी बर्न करने में भी मदद करता है। लगातार मूवमेंट होने से शरीर अधिक लचीला बनता है और लंबे समय तक सक्रिय रहने की क्षमता विकसित होती है।

**बॉलिरोबिक्स से तनाव भी हो रहा कम :** डांस पसंद करने वालों के बीच बॉलिरोबिक्स तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। इसमें बॉलीवुड गीतों की धुन पर पूरे शरीर की एक्सरसाइज कराई जाती है। ट्रेनर्स का कहना है कि संगीत के साथ होने वाले इस वर्कआउट से तनाव कम होता है, मन प्रसन्न रहता है और शरीर का पूरा व्यायाम भी हो जाता है। वहीं मेटाबॉलिज्म आधारित एक्सरसाइज शरीर के संतुलन को बेहतर बनाने के साथ कंधे, बांह, पैर और पेट की मांसपेशियों को मजबूत करने में मदद करती हैं।

## प्लेसमेंट मेले में 7 कंपनियों ने लिया हिस्सा 74 अभ्यर्थी चयन प्रक्रिया में हुए शामिल

**रायपुर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, आईटीआई रायपुर में आयोजित ओपन कैंपस प्लेसमेंट एवं अप्रेंटिशिप मेले में 62 प्रशिक्षणार्थियों का चयन हुआ। 20 जुलाई को आयोजित मेले में सात प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लेकर विभिन्न ट्रेडों के प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार और अप्रेंटिशिप के अवसर उपलब्ध कराए। प्लेसमेंट मेले में कुल 74 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। कंपनियों ने लिखित परीक्षा, तकनीकी साक्षात्कार और व्यक्तिगत साक्षात्कार के माध्यम से अभ्यर्थियों का मूल्यांकन किया। चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद 62 अभ्यर्थियों का अंतिम रूप से चयन किया गया। संस्था ने इसे गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण व्यवस्था और प्रशिक्षणार्थियों की दक्षता का परिणाम बताया।





### सकारात्मक सोच के साथ बढ़े आगे

*कार्यक्रम के दौरान संस्था के प्राचार्य नरेन्द्र उपाध्याय ने चयनित प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कौशल विकास, अनुशासन और निरंतर सीखने की प्रवृत्ति सफल करियर की आधारशिला है। उन्होंने चयनित युवाओं से अपने कार्यस्थल पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्था और प्रदेश का नाम रोशन करने का आह्वान किया। साथ ही अन्य प्रशिक्षणार्थियों को भी लगातार कौशल उन्नयन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्था के अधिकारियों और कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मेले में शामिल कंपनियों के प्रतिनिधियों ने प्रशिक्षणार्थियों के तकनीकी ज्ञान, व्यवहारिक कौशल और अनुशासन की सराहना करते हुए भविष्य में भी संस्था के साथ सहयोग जारी रखने की इच्छा जताई।*

## अकाल पुरख की फौज दे रही रील बनाने और ईनाम जीतने का मौका

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक एवं धार्मिक संस्था अकाल पुरख की फौज की छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा एक अनूठी एवं अद्भभुत प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा हैं। इसमें सिख समाज के सभी आयुवर्ग के लिए रील बनाओ प्रतियोगिता की जा रही है। इस प्रतियोगिता में सम्पूर्ण देश से सिख समाज के प्रतिभागी हिस्सा ले सकते हैं। प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता में अकाल पुरख की फौज के प्रमुख गुरमुख सिंह होरा, जगजीत सिंह खनूजा, प्रीतपाल सिंह होरा, परविंदर सिंह भाटिया और जीएस भामरा ने यह जानकारी मंगलवार को दी। तरनजीत सिंह होरा ने संयुक्त रूप से बताया कि इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया के दौर में अपनी भावनाओं को व्यक्त करने का एवं बातों को जनमानस तक पहुंचाने का रील एक सशक्त माध्यम बनता जा रहा है, इसके मद्देनजर संस्था रील बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया है।





### 9 अगस्त को पंडरी में मुख्य आयोजन

प्रतियोगिता में सम्मलित होने के लिए अधिकतम 90 सेकेंड की रील बनाकर संस्था के सम्पर्क नम्बर पर व्हाट्स एप पर भेज सकते हैं। रील बनाने का विषय पूर्णतः धार्मिक है। इसमें सिख गुरुओं का इतिहास, देश-विदेश में बने हुए गुरुद्वारों की जानकारी, पंजाब एवं पंजाबी संस्कृति तथा सिख योद्धाओं की गाथा का वर्णन कर सकते हैं। प्रतियोगिता में सम्मलित हजारों रील में सर्वेश्रेष्ठ 30 रील का चयन किया जाएगा एवं चयनित रील को आगामी 9 अगस्त को पंडरी स्थित होटल सिमरन इंटरनेशनल में लाइव स्क्रीन पर दिखाया भी जाएगा। ग्रुप के चेयरमैन प्रीतपाल सिंह होरा ने बताया कि प्रतियोगिता में रील बनाकर 30 जुलाई तक इन नम्बरों पर 9425212173 एवं 98271 22222 भेज सकते हैं।

## ज्यादा सोचने पर विजय कार्यक्रम में हैदराबाद से आए बाला किशोर ने दिए टिप्स

कार्नर न्यूज

# ज्यादा सोचोगे तो बीमार पड़ जाओगे, प्राणायाम और राजयोग से पाएं मन की शांति, गीता ने दिया कर्म का सूत्र

**रायपुर।** कार्य के सफल या असफल होने में हमारे संकल्पों का अहम योगदान होता है, हमारे मन के विचारों से हमारा मस्तिष्क प्रभावित होता है, मन में आने वाले विचारों से ही हमें सुख और दुख की अनुभूति होती है। बिना ब्रेक के जरूरत से ज्यादा सोचना तन और मन की बीमारियों द्वारा बुढ़ापे को जल्दी निमंत्रण देना है। यह बातें प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा ज्यादा सोचने की आदत पर विजय ओवरकमिंग ओवर थिंकिंग विषय पर सेक्टर-7, स्थित पीस ऑडिटोरियम में आयोजित सत्र में हैदराबाद से पधारे मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमार बाला किशोर ने व्यक्त किए। हैदराबाद से पधारे मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमार बाला किशोर ने सच्चाई और कहानी के फर्क को बहुत सरल तरीके से समझाया। उन्होंने कहा कि जो सच्चाई है उसे स्वीकार करो। जो कहानी है यानी निगेटिव-व्यर्थ विचारों की श्रृंखला उसे तोड़ो। हम अनुमान लगाकर खुद को घने काले बादलों से घेर लेते हैं। परिणाम तनाव, डिप्रेशन और बीमारी। गीता का सूत्र ही समाधान है बाला किशोर ने श्रीमद भगवत गीता का श्लोक सुनाया "कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि॥ जिसका अर्थ बताते हु कहा कि तुम्हारा अधिकार सिर्फ कर्म करने में है, फल में नहीं। न फल की चिंता करो न कर्म से मुंह मोड़ो। उन्होंने बताया कि व्यर्थ विचार जंगल की तरह बढ़ते जाते हैं। लेकिन सकारात्मक विचारों से जीवन एक सुंदर बगिया बन जाता है। इस बगिया की देखभाल हमें खुद करनी है।







**3 स्टेप में पाएं ओवरथिंकिंग पर काबू:** कार्यक्रम में बाला किशोर ने प्रैक्टिकल टिप्स भी दिए। गहरी श्वांस और प्राणायाम जब विचार बढ़ें तो सांस पर ध्यान ले जाएं, राजयोग मेडिटेशन मन को शांत कर आत्मा की शक्ति जगाएं तटस्थता का भाव चीजों को जैसे हैं वैसे स्वीकार करें। उन्होंने क्लोज द पॉपअप, क्लिक द पॉपअप, गेम्स और विभिन्न एक्टिविटी द्वारा अत्यधिक सोचने से बचने के उपायों को समझाया। गेम्स और एक्टिविटी के जरिए बताया कि कैसे दिमाग में बार-बार आने वाले विचारों के पॉपअप को बंद किया जाए।

### बच्चों ने दी सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति

इस अवसर पर डिवाइन ग्रुप के बच्चों ने सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर सभा में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी प्राची ने सभी को राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया। शांत माहौल में बैठे सैकड़ों लोगों ने आंख बंद कर मन को सुकून दिया। ओवरकमिंग ओवर थिंकिंग विषय पर आयोजित सत्र में शिक्षा, चिकित्सा, रिसर्च स्कॉलर और व्यापार जगत से जुड़े प्रबुद्धजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने ओवरथिंकिंग से बचने के उपायों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया। ब्रह्माकुमारीज़ ने कहा कि आधुनिक जीवन की भागदौड़ में मन सबसे पहले थकता है। इसलिए रोज 10 मिनट मेडिटेशन और सकारात्मक सोच ही सच्ची दवा है।

**समाज लाइव**

# समाज के भवन का अभाव दूर करने दान दिया निवास



**रायपुर।** सुकृत लाल साहू ने समाज के प्रति समर्पण का भाव हर किसी में होता है, लेकिन सामाजिक भवन का अभाव पूरा करने के लिए अपने पैतृक निवास को दान करने का अनोखा प्रयास सुकृत लाल ने किया है। उनके इस प्रयास से अब सामाजिक बैठक एवं हर साल होने वाले आयोजन के लिए किराए का भवन नहीं लेना पड़ेगा। विवेक कुमार साहू ने बताया कि सुकृत लाल ने अपने पैतृक निवास को सर्व साहू समाज को सामाजिक उन्नयन के लिए मंगलवार को भेंट करते हुए समाज के प्रति समर्पण और सच्ची निष्ठा का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। श्री साव ने बताया कि यह भेंट उनके द्वारा अपनी माता फूल बाई एवं पिता द्वारिका प्रसाद साहू की स्मृति में दिया गया है। कन्नौजिया साहू समाज जनकल्याण समिति अपने संरक्षक सदस्य की समाज के प्रति निष्ठा देखकर अपने आप को गौरवान्वित महसूस करती है।

### समाज प्रमुखों ने किया सम्मान, पहल को सराहा

कन्नौजिया साहू समाज जनकल्याण समिति द्वारा समिति के संरक्षक सतीश कुमार साहू, गौरीशंकर साहू एवं हरप्रसाद साहू के संरक्षण में अध्यक्ष जगदीश प्रसाद साहू की अध्यक्षता और उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार साहू के आपसी सामंजस्य में तथा सचिव आशीष साहू, उपसचिव अक्षय कुमार साहू एवं कोषाध्यक्ष शशिकांत साहू भवन दानदाता के सम्मान में शामिल हुए। अन्य सदस्य सुरेश कुमार साहू, प्रशांत साहू की उपस्थिति में अपने संरक्षक सदस्य सुकृत लाल के सम्मान में एकत्रित हुए। सुकृत लाल मूल रूप से ग्राम बनारी, जिला जांजगीर-चांपा के रहने वाले है। श्री साव हमेशा से समाज के प्रति समर्पण का भाव रखते हैं। उन्होंने 36 वर्षों तक वन विभाग में अधिकारी के रूप में भागीदारी निभाई। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में सदस्य के रूप में 5 वर्ष सेवा की है।

● चातुर्मास के बीच बाजार में भगवान के लिए खूबसूरत आसन तलाश रहे श्रद्धालु

# घर-आफिस में आराध्य देवी-देवताओं की पूजा के लिए मॉडर्न और स्पेस सेविंग करने आकर्षक मंदिर

भक्ति और आस्था से सजने वाले चार महीने के उत्सव को खास बनाने का सिलसिला शुरू होने से एक बार फिर से बाजार में रौनक बढ़ने लगी है। चार महीने विविध परंपराओं के साथ भक्तिभाव से जुड़े लोग घर-आफिस में आराध्य देवी-देवता स्थापित करते हुए पूजा-अर्चना भी करते हैं। अब आस्था से जुड़े लोगों ने मॉडर्न और स्पेस सेविंग करने वाले मंदिरों की पूछपरख करने दुकानों का रूख करने लगे हैं।

**रायपुर।** श्री राधेकृष्ण, भगवान शिव, श्री गणेश, मां लक्ष्मी सहित माता दुर्गा की मूर्तियों को सजाने का सिलसिला चार महीने चलने वाला है। इसे देखते हुए गोलबाजार, संतोषी नगर, समता कालोनी और देवेंद्र नगर क्षेत्र में दुकानों पर लोगों की आवाजाही बढ़ने लगी है। शहर के बाजारों में इस बार घरों के लिए बिल्ट-इन बैकलाइट लाइट्स, दीवार पर लगाने वाले स्पेस-सेविंग और प्लाईवुड के साथ कोरियन फिनिश वाले आधुनिक मंदिरों की सबसे ज्यादा डिमांड है। लोग पारंपरिक भारी-भरकम डिजाइन की जगह कम जगह घेरने वाले और शानदार दिखने वाले मॉडलों को खरीदना पसंद कर रहे हैं। दुकान संचालक राकेश साहू और अरिहंत जैन ने बताया कि संगमरमर के मंदिरों की खास डिमांड है। लोग 2 से 25 हजार की रेंज में आराध्य देवी-देवता को स्थापित करने के लिए खरीदना पसंद कर रहे हैं। दीवार पर आसानी से फिट किए जा सकें, ऐसे मंदिरों की पूछपरख भी बढ़ने लगी है। साथ ही आगामी त्योहारी सीजन में सावन, गणेश पक्ष, कृष्ण जन्माष्टमी जैसे पर्वों को देखते हुए देवी-देवताओं की मूर्तियों की डिमांड बढ़ी है।





### एलईडी लाइट मंदिर को बनाती है खास

*संगमरमर के ढांचे के भीतर आकर्षण बढ़ाने के लिए छिपी हुई एलईडी लाइट फिटिंग मंदिर को खास बनाती है। प्लाईवुड और आधुनिक फिनिश के मंदिरों की डिमांड इसलिए भी ज्यादा है, क्योंकि इसे दीवारों पर आसानी से फिट किया जाता है। टंगने वाले छोटे और फ्लैट वाले घरों के लिए जगह बचाने वाले प्लाईवुड और लकड़ी के मंदिर हमेशा की तरह लोगों की पहली पसंद है। एक बड़ा वर्ग पीयू और कोरियन फिनिश वाले प्लाईवुड के ढांचे पर सफेद प्रीमियम पीयू पेंट या कोरियन शीट की फिनिश से मार्बल जैसी चमक की वजह से इसका चलन ज्यादा है। कस्टमाइज्ड स्टोरेज दीये, अगरबत्ती और पूजा का सामान रखने के लिए ड्रॉअर भी डिजाइन किया है।*





### नक्काशी और जालियों वाली डिजाइन की परख

व्हाइट मकराना मार्बल से निर्मित साफ और चमकदार छोटे और मध्यम आकार वाले मंदिर लोगों की पहली पसंद है। इसमें की गई नक्काशी और जाली वर्क की जानकारी भी लोग लेते हैं। कई ऐसे ग्राहक भी आते हैं, जो पारंपरिक मंदिरों में बारीकी से की गई हाथ की नक्काशी और जालियों वाले डिजाइन की परख रखते हैं। मंदिर के साथ लोग देवी-देवताओं की मूर्तियों को भी भक्ति-भाव से लेते हैं। मंदिर खरीदने के लिए दुकानों में आने वाले लोग ज्यादातर पारंपरिक मंदिरों की मांग करते हैं। कई लोग मंदिर की आकृति वाले आसन को लेना पसंद करते हैं।

**सिटी लाइव**

# सावन मेले की तैयारियों ने पकड़ी रफ्तार दिखेगी पारंपरिक खेलों की झलक



**रायपुर।** सांस्कृतिक पर्यटन, मनोरंजन एवं विरासत संरक्षण समिति की बैठक हुई। बैठक में आगामी भव्य सावन मेला की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन मेले को अधिक भव्य, आकर्षक एवं जनसहभागिता से परिपूर्ण बनाने के उद्देश्य से विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में मेले के सफल आयोजन के लिए विभिन्न सांस्कृतिक, पारंपरिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। समिति ने निर्णय लिया कि सावन मेले के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन कर स्थानीय प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही कार्यक्रमों की तिथि, आयोजन स्थल, प्रतिभागियों के पंजीयन एवं व्यवस्थाओं को लेकर शीघ्र ही विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाएगी। बैठक में पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं में फुगड़ी, कुर्सी दौड़, रस्साकशी, कंची दौड़, मटका फोड़ एवं दौड़ प्रतियोगिता आयोजित करने पर सहमति बनी। इसके अलावा छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अरसा, ठेठरी-खुर्मी, फरा, चीला जैसे पारंपरिक व्यंजनों की प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता तथा रंगारंग छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन पर भी चर्चा की गई।

# सामाजिक भवन सिर्फ ईंट-पत्थर का ढांचा नहीं यह एकता, शक्ति और सुनहरे भविष्य का प्रतीक



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव ने इस साल भी प्रदेश स्तरीय महासम्मेलन का आयोजन किया। इस कड़ी में कई सामाजिक मुद्दों को लेकर चर्चा का दौर चला। रायपुर जिले के तत्वाधान में किए गए प्रदेश स्तरीय महासम्मेलन के बीच मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य अतिथ्य में नवनिर्मित सामाजिक भवन का फीता काट कर और पट्टिका का अनावरण करते हुए लोकार्पण किया। सुंदरलाल यादव ने बताया कि महासम्मेलन का आगाज भगवान श्रीकृष्ण की पूजा, दीप प्रज्वलन से किया गया। इसमें समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं एवं उत्कृष्ट काम करने वाले, विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले वरिष्ठजनों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सीएम साय ने कहा कि यादवों का इतिहास समाज को जोड़ने, सेवा करने और संस्कृति की रक्षा करने का रहा है। आपके बीच नवनिर्मित सामाजिक भवन केवल ईंट-पत्थर का ढांचा नहीं, यह समाज की एकता, संगठन शक्ति और सुनहरे भविष्य का प्रतीक है।

छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रदेश स्तरीय महासम्मेलन एवं भवन लोकार्पण में जुटा समाज

### समाज का नाम रोशन करने का आव्हान किया



यह भवन सामाजिक चर्चा, युवाओं के मार्गदर्शन एवं समाज की प्रगति का केंद्र बनेगा। छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति राउत नाचा और यादव समाज के दोहों के बिना अधूरी है। समाज ने लोक कला और पारंपरिक संस्कृति को जीवित रखा है। अति विशिष्ठ अतिथि केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने युवाओ से शिक्षा राजनितिक, आर्थिक कला एवं खेल के क्षेत्र में आगे बढ़कर समाज का नाम रोशन करने का आव्हान किया। विधायक अनुज शर्मा ने समाज की असली ताकत शिक्षा, युवाओं के विकास और यादव समाज को सहयोग करने का भरोसा दिलाया। इसके लिए समाज प्रमुखों ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### समाज प्रमुख ने प्रस्तुत किया प्रगति प्रतिवेदन

राउत नाचा और छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति की प्रस्तुतियों ने महासम्मेलन में समां बांधा। महासम्मेलन में विधायक रामकुमार यादव ने सामाजिक विषयों पर प्रकाश डालते हुए उचित समाधान को लेकर अपनी बात रखी। अध्यक्षता करते हुए प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव ने समाज का प्रगति प्रतिवेदन, समाज के 29वें आमसभा, समाज में 24 जिला इकाई, 146 ब्लाक परिक्षेत्र में सामाजिक कार्य संचालन के संबंध में जानकारी दी। इस मौके पर महानगर इकाई के सुंदरलाल यादव, शत्रुघ्न यादव, प्रीतम यादव, बैसाखूराम यादव, मतवारी यादव, नरेश यादव, परदेशी यादव, पतिराम यादव मंचस्थ रहे। प्रकोष्ठ का गठन भी महासम्मेलन में किया गया।

# केंवट समाज के शपथ ग्रहण में पदाधिकारियों ने लिया संकल्प



**रायपुर।** राम-जानकी मंदिर परिसर, निषाद भवन, महादेव घाट में छत्तीसगढ़ निषाद केंवट समाज द्वारा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में युवा प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने समाजहित में कार्य करने की शपथ ली। इस अवसर पर दुर्ग जिला निषाद केंवट समाज संगठन के पदाधिकारियों ने छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के नव नियुक्त अध्यक्ष का गजमाला एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय सम्मान किया। समारोह की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष कुंवर सिंह निषाद के नेतृत्व और मार्गदर्शन में हुई। उन्होंने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को विधिवत शपथ दिलाई। शपथ में सभी पदाधिकारियों ने संकल्प लेते हुए कहा कि सभी समाज की एकता को मजबूत करेंगे संगठन को और सशक्त बनाएंगे। सामाजिक उत्थान के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे। समाजहित को सर्वोपरि रखेंगे। कार्यक्रम में अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू राम निषाद, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री कोमल देव निषाद, महासचिव मनोहर निषाद, झुमुक लाल निषाद, उपाध्यक्ष बुधारु राम निषाद, बीरेंद्र कुमार निषाद, प्रदेश अध्यक्ष संतोषी निषाद, रामेश्वर निषाद, राजकुमार निषाद, दीप केवट, किशोर नाविक, अजीत नाविक, धनवंतरी निषाद, क्षमा जलतारे, संतोष जलतारे, डीकेश्वर निषाद, सियाराम निषाद, दिनेश सपे, विष्णु निषाद, डेराहा राम निषाद, लखन निषाद, मल्लेश निषाद, सगनू निषाद, नारायण निषाद, केजू निषाद, राम रतन विनायक, ब्रह्मानंद नाविक, नरोत्तम निषाद, सरपंच माधुरी निषाद सहित बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, महिला एवं युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने कहा कि संगठन को और अधिक सक्रिय बनाकर समाज के विकास के लिए काम किया जाएगा।

**धर्म लाइव**

# पूर्व महंत हरिदास त्यागी की पुण्यतिथि पर संत-समाज व ब्राह्मणों का सम्मान



**रायपुर।** श्री संकटमोचन वीर हनुमान मंदिर के पूर्व महंत स्व. हरिदास त्यागी की 16वीं पुण्यतिथि मंगलवार को श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर मंदिर परिसर में शहर के विभिन्न मठ-मंदिरों के महंत, पुजारी एवं ब्राह्मणों के सम्मान और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। मंदिर के वर्तमान महंत राजेश शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में गोपाल मंदिर के महंत गोपाल चरण, महंत राजीव शरण, बिरंची नारायण मंदिर के महंत देवदास, आयातालाब मंदिर के महंत वेदप्रकाश शास्त्री, राम मंदिर के पुजारी राघवेंद्र प्रसाद तथा दूधाधारी मठ के पूर्व पुजारी रामहृदय दास सहित सैकड़ों ब्राह्मणों और श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के आयोजन में अनिल अग्रवाल, नारायण राव शिर्के, प्रशांत पांडे, भरत पांडे, चंद्रप्रकाश वर्मा, आनंद शर्मा, कामेश तिवारी एवं मंदिर के पुजारी राजेश तिवारी का सहयोग रहा।

रोटरी क्लब ऑफ रायपुर एलीगेंस का इंस्टॉलेशन समारोह, हर रंग एक शक्ति का प्रतीक बना इंद्रधनुष

# समाजसेवा की भावना से शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और सामुदायिक विकास के प्रकल्प को गति देने संवाद

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** हमेशा की तरह आगे भी समाजसेवा की भावना से शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण के लिए संचालित प्रकल्प को गति देंगे। सामुदायिक विकास में सहभागिता निभाने के लिए नए संकल्प और टीम भावना से आगे भी काम करेंगे। कुछ इसी तरह के संवादों से मंगलवार की रात रोटरी क्लब ऑफ रायपुर एलीगेंस द्वारा सत्र 2026-27 के लिए आयोजित किए गए इंस्टॉलेशन समारोह इंद्रधनुष में सुनने को मिली। इस अवसर पर क्लब की नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रियंका गुप्ता एवं सचिव डॉ. स्वाति अग्रवाल अपने पद की जिम्मेदारी ग्रहण की। समारोह में निवर्तमान अध्यक्ष नीरू अग्रवाल एवं निवर्तमान सचिव तनुश्री अग्रवाल ने वर्षभर की गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए उपलब्धियों से जुड़े अनुभव को भी साझा किया। इस समारोह के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर आलम सिंह रूपरा, विशिष्ट अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर इलेक्ट भानुप्रताप सिंह चौधरी, असिस्टेंट गवर्नर ओमप्रकाश अग्रवाल एवं क्लब एडवाइजर विनय अग्रवाल मंचस्थ रहे।



### समाज के प्रति अपने दायित्व को निभाने करेंगे प्रयास



कार्यक्रम की चेयरपर्सन राशि अग्रवाल एवं उमा अग्रवाल ने सभी रोटेरियन्स, परिजनों एवं अतिथियों से समारोह को गरिमामय बनाने के लिए धन्यवाद देते हुए समाज के प्रति अपने दायित्व को निभाने के लिए तय किए गए प्रकल्पों को आगे किस तरह से गति देना है, इसको लेकर वृहद स्तर पर चर्चा की जानकारी साझा करने पर जोर दिया। महिला सशक्तिकरण के लिए किस तरह से बेहतर प्रयास किया जा सकता है, इसको लेकर आगामी दिनों में बड़ा निर्णय लिया जाएगा।

### सभी ने अपने कार्यकाल के अनुभव किए साझा

समारोह में रोटरी परिवार के सभी सदस्य, विभिन्न क्लबों के पदाधिकारी एवं समाजसेवी भी शामिल हुए। इस समारोह की थीम इंद्रधनुष -हर रंग एक शक्ति विविधता, एकता, सेवा एवं नेतृत्व के मूल्यों को समर्पित रही। क्लब द्वारा आगामी सत्र में समाजसेवा, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं सामुदायिक विकास से जुड़े प्रकल्प को संचालित करने का निर्णय आपसी संवाद के बीच लिया। सभी पदाधिकारियों ने समाज के प्रति अपना दायित्व निभाने के लिए टीम भावना से काम करने और सभी प्रकल्प को बेहतर करने पर जोर दिया। इससे माहौल भी उत्साह से सराबोर रहा, जहां सदस्यों ने अपने कार्यकाल के अनुभव को भी साझा किया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### राज्य स्तरीय तैराकी कल से बिलासपुर में

**रायपुर।** राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का



आयोजन 23 एवं 24 जुलाई को जिला खेल परिसर बिलासपुर के तरण ताल में होगा। जिसमें प्रदेश भर के तैराक हिस्सा लेंगे। बिलासपुर कॉरपोरेशन तैराकी संघ के सचिव हेमंत सिंह परिहार ने बताया कि सब जूनियर एवं जूनियर (बालक /बालिका) टीम में कॉरपोरेशन संघ से आरव शर्मा,अर्पित धारा, रोहन सिंह परिहार ,गीतिका घोष, संयोगिता सिंह, अभिनव सिंह , बी चेतन कुमार, छत्तेस ठक्कर, नैतिक पैकरा, निहाल पैकरा, पार्थ कुर्रे, प्रसून कुमार साहू, शिवांगिनी पांडे, मन्नत रावत, संस्कृति चौहान, ईशान ठक्कर, विवान अग्रवाल, सत्यम पांडे, विवान मिश्रा, प्रशय शुक्ला, आदित्य नारायण पांडे प्रशी कश्यप आराध्या सिंह परिहार, शाम्भवी शर्मा, रुचिता नायडू, वसुंधरा गुप्ता, शिवांश कुमार पाल, अभिनव शाह, अक्षत कश्यप, पार्थ यादव ,मधुरिमा माझी, धरना गेडाम सोनाक्षी बेहरा, अगम्य राय एवं अकीरा विश्वास टीम में चयनित हुए है। जूनियर टीम के कोच शंकर पांडे, मैनेजर सुनीता शर्मा, सब जूनियर टीम के कोच संतोष पाल, मैनेजर लता मांझी है। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बद्री प्रसाद गुर्जर, सतीश सिंह ठाकुर, अमरनाथ सिंह, सुशील मिश्रा, बीएस यादव, सागर सिंह परिहार, दिनेश सिंह, चिंतामणि, विनय सिंह आदि ने शुभकामनाएं दी है।

### संभाग स्तरीय हैंडबाल अंडर-14 बालक प्रतियोगिता में चुने गए खिलाड़ी



**रायपुर।** अज़ीज़ पब्लिक स्कूल, कवर्धा के 9 प्रतिभाशाली छात्रों का चयन उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर अंडर-14 बालक संभाग स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इनमें कक्षा 8 से- मो. फरहान खान,- आदित्य झरिया, कक्षा 7 से- मो. अनस कुरैशी,- मो. जीशान, लालचंद साहू, कक्षा 6 से अंसार अली, अयान खान, अंश सिंगरे, मो. अतीक और 17 वर्ष बालक में कक्षा 9 के 2 छात्र फरहान खान व शेख नईम रजा शामिल हैं। इसी तरह क्लास 6 क़ी बालिका रिदा फातिमा क़ो उनके शानदार प्रदर्शन क़ो देखते हुए अंडर -14 बालिका संभाग स्तरीय हैँडबाल टूर्नामेंट के लिये चयनित किया गया है।

### 2.5 लाख इनामी राशि का फिडे रेटेड शतरंज टूर्नामेंट अगले माह



**रायपुर।** अगस्त महीने के अंत में 2.5 लाख इनामी राशि वाले फिडे रेटेड टूर्नामेंट की मेज़बानी जशपुर जिले को मिली है। इस संबंध में जशपुर जिला शतरंज संघ के पदाधिकारियों ने कलेक्टर डॉ रोहित व्यास, एसडीएम विश्वास मस्के व समीर बड़ा से सौजन्य भेंट करते हुए चैंपियनशिप से जुड़ी जानकारी साझा की और तैयारियों का ब्यौरा दिया। इस दौरान संघ के सरगुजा संभाग से बी मणियन, एस एस पी वर्मा, इंटरनेशनल आर्बिटर अनीश अंसारी, सीनियर नेशनल आर्बिटर प्रदीप मंडल एवं जशपुर शतरंज संघ के सचिव अजय गुप्ता उपस्थित रहे

### संभाग स्तरीय शालेय अंडर-19 फुटबॉल में बालिकाओं ने दिखाया दम



**रायपुर।** 26 वीं संभाग स्तरीय शालेय अंडर-19 बालिका फुटबॉल स्पर्धा 20 जुलाई को जिला खेल परिसर सरकंडा बिलासपुर में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में कुल तीन टीम ने भाग लिया। जिसमें कोरबा, जांजगीर एवं मेजबान बिलासपुर शामिल रहे। सारंगढ़ के खिलाड़ी ट्रायल में सम्मिलित हुए।इस दौरान संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग ए के भारद्वाज, जी डी गर्ग सहायक संचालक क्रीड़ा, मस्तूरी के व्यायाम शिक्षक ई सुनील कुमार राव, मोहन थापा, रामदेव बोले, चेलकर संर संयोजक के रूप में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कोरबा, द्वितीय स्थान बिलासपुर, तृतीय स्थान पर जांजगीर रहा। स्पर्धा के सफल संचालन में सानंद कुमार वस्त्रकार, विशाल दुबे, अखिलेश कौशिक, रमिज राजा, ओष कुमार तिवारी, तरुण साहू आदि का सहयोग रहा।

## बदलती जीवनशैली ने बच्चों को भी अपनी चपेट में ले लिया, सावधानी जरूरी

# बच्चों का बढ़ता वजन सामने ला रहा गंभीर चुनौतियां इसकी वजह और बचाव के तरीके जानना जरूरी

बचपन में मोटापा बढ़ने के लिए कई कारण जिम्मेदार हो सकते हैं। बच्चों में शारीरिक गतिविधि की कमी जैसे बाहर कम खेलना, दौड़-भाग में कमी, आउटडोर गेम्स में न हिस्सा लेना इसका प्रमुख कारण है। मोटापा वैश्विक स्तर पर बढ़ती एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है, सभी उम्र के लोगों में इसका खतरा देखा जा रहा है। मोटापा के कारण टाइप-2 डायबिटीज से लेकर हाई ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल से लेकर कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा हो सकता है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को अपने वजन को कंट्रोल में रखने के लिए निरंतर प्रयास करते रहने की सलाह देते हैं।

बच्चों में बढ़ते मोटापा की समस्या को सेहत के नजरिए से काफी गंभीर माना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी माता-पिता को सलाह देते हैं कि वह सुनिश्चित करें कि बच्चे का वजन बढ़ने न पाए। कम उम्र में मोटापा सिर्फ शारीरिक नहीं, मानसिक और सामाजिक समस्याएं भी पैदा कर सकता है। अगर इसे समय रहते रोक लिया जाए तो भविष्य की कई बीमारियों से बचा जा सकता है। इसके लिए जरूरी है जागरूकता, सही लाइफस्टाइल और दिनचर्या में छोटे-छोटे बदलाव। आइए इस बारे में आगे विस्तार से समझते हैं।



### कम उम्र में वजन बढ़ने का कारण

बचपन में मोटापा बढ़ने के लिए कई कारण जिम्मेदार हो सकते हैं। बच्चों में शारीरिक गतिविधि की कमी जैसे बाहर कम खेलना, दौड़-भाग में कमी इसका प्रमुख कारण है। ज्यादा बैठे रहने की आदत जैसे ऑनलाइन क्लास, फास्ट फूड और प्रोसेस्ड चीजों के अधिक सेवन की आदत को स्वास्थ्य विशेषज्ञ मोटापे का प्रमुख कारण मानते हैं।

### मानसिक रोगों का भी बढ़ जाता है खतरा?



कम उम्र में वजन बढ़ने की स्थिति भविष्य में अवसाद, चिंता और तनाव जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को भी बढ़ाने वाली हो सकती है। बच्चों के समग्र स्वास्थ्य को ठीक रखने और इस प्रकार की जटिलताओं के जोखिम को कम करने के लिए शारीरिक की वजन कंट्रोल में रखने के लिए प्रयास बहुत आवश्यक हैं। कम उम्र से ही कुछ उपाय करके बच्चे के वजन को कंट्रोल रखा जा सकता है।

### वजन बढ़ने से कैसे रोका जाए?

कुछ बातों का ध्यान रखकर न सिर्फ वजन को कंट्रोल रखा जा सकता है साथ ही उन्हें भविष्य में गंभीर बीमारियों से बचाए रखने में भी मदद मिल सकती है। स्वस्थ भोजन और नियमित शारीरिक गतिविधि सबसे आवश्यक है। सुबह का नाश्ता दैनिक आहार का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसमें मौसमी फल-जूस, दूध और डेयरी उत्पादों को शामिल करें। सुनिश्चित करें कि आप पर्याप्त नींद ले रहे हैं। जिन लोगों की नींद पूरी नहीं होती है उनमें



मोटापे का जोखिम अधिक होता है। इसके साथ अपना स्क्रीन टाइम भी कम कर लें।

### इन बातों पर भी दें ध्यान

वजन को कंट्रोल रखने के लिए कम उम्र से ही कुछ आदतों को दिनचर्या में जरूर शामिल करें। हर दिन कम से कम 30–45 मिनट तेज चलना, दौड़ना, योग या डांस जैसी गतिविधि जरूर करें। घर का बना, कम तेल वाला और संतुलित भोजन करें। फलों, सब्जियों, दालों की मात्रा बढ़ाएं। कोल्ड ड्रिंक, केक, बिस्किट और पैकेज्ड स्नैक्स का सेवन कम से कम करें। मोबाइल या लैपटॉप पर समय सीमित करें। 7–8 घंटे की नींद शरीर को रिलैक्स करती है और वजन कंट्रोल रखने में भी सहायक है।



## हाई प्रोटीन डाइट से हो सकते हैं गंभीर नुकसान, संतुलन जरूरी

प्रोटीन, मांसपेशियों के निर्माण से लेकर हड्डियों और दांतों को मजबूत करने के लिए जरूरी है, लेकिन कुछ बीमारियों में अधिक प्रोटीन वाले आहार का सेवन नहीं करना चाहिए। जब भी बात शरीर के लिए जरूरी पोषक तत्वों की आती है तो प्रोटीन की सबसे ज्यादा चर्चा होती है। बॉडी बिल्डिंग हो या वजन घटाना, हर कोई हाई प्रोटीन डाइट की तरफ तेजी से आकर्षित हो रहा है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि ज्यादा प्रोटीन हर किसी के लिए फायदेमंद नहीं हो सकता?

दरअसल, हाई प्रोटीन डाइट का चलन जितना बढ़ा है, उससे जुड़े साइड इफेक्ट्स और रिस्क पर उतनी चर्चा नहीं होती। कई शोध बताते हैं कि ज्यादा प्रोटीन का सेवन कुछ लोगों के लिए फायदे की जगह नुकसानदायक हो सकता है।

हाई प्रोटीन डाइट का मतलब है कि आप दिन भर में जितनी कैलोरी का सेवन करते हैं उसका 25% से 35% हिस्सा प्रोटीन से आता है। इसमें अंडे, चिकन, मछली, पनीर, दालें, प्रोटीन पाउडर जैसी चीजों का सेवन अधिक और कार्ब्स की मात्रा कम कर दी जाती है। पर ये सभी के लिए फायदेमंद हो ऐसा जरूरी नहीं है।

### प्रोटीन का अधिक सेवन हो सकता है नुकसानदायक

आहार विशेषज्ञ कहते हैं, प्रोटीन शरीर के लिए जरूरी है,



लेकिन कई स्वास्थ्य समस्याओं में अधिक प्रोटीन का सेवन नुकसान पहुंचा सकता है। प्रोटीन मांसपेशियां बनाने से लेकर हड्डियों और दांतों को मजबूत करने के लिए जरूरी है, लेकिन कुछ बीमारियों में अधिक प्रोटीन वाले आहार का सेवन नहीं करना चाहिए। यूरिक एसिड की समस्या से पीड़ित लोगों के लिए उच्च प्रोटीन आहार यूरिक एसिड के स्तर को और बढ़ा सकता है, जिससे समस्या बढ़ सकती है। इसलिए आप चोकर युक्त आटा, भुट्टा, बेकरी के खाद्य पदार्थ के सेवन से बचें। इसके अलावा उड़द, मांस, मछली, सेम, सहजन, पालक, मटर, मशरूम चुकंदर, कद्दू के बीज का सेवन न करें। आप चिकित्सक की सलाह के अनुसार कम प्रोटीन वाले आहार को अपना सकते हैं।

### किडनी की बढ़ सकती है दिक्कत

हाई प्रोटीन डाइट से किडनी को ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। इससे किडनी संबंधी समस्याएं हो सकती हैं, खासकर उन लोगों में, जिन्हें पहले से किडनी की समस्याएं हैं। जिन लोगों को क्रॉनिक किडनी डिजीज की समस्या हो उन्हें आहार में कोई भी बदलाव डॉक्टर के सलाह पर ही करना चाहिए। आप चिकित्सक से पूछकर पौधे आधारित प्रोटीन, जैसे- फलियां, मेवे और बीज, साबुत अनाज तथा सोया का सेवन कर सकते हैं।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

वरिष्ठ चिकित्सक डॉ। पी। बी। मिश्रा कहते हैं, अधिक प्रोटीन खाने से वजन बढ़ता है, साथ ही पाचन संबंधी समस्याएं गुर्दे पर दबाव और निर्जलीकरण भी हो सकता है। इसलिए अपना आहार परिवर्तन करने से पहले चिकित्सक से सलाह जरूर लें। हाई प्रोटीन डाइट चमत्कारी लग सकती है, लेकिन यह हर शरीर और हर स्थिति के लिए सही नहीं होती।



## जिला मानसून लीग टेटे सीनियर वर्ग में अरिंदम और समाया बने विजेता

**रायपुर।** राजधानी टेबल टेनिस संघ द्वारा सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल में 17 से 19 जुलाई तक स्व। रमाबाई काले एवं स्व। रामराव काले स्मृति जिला मानसून लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर के सचिव सार्थक शुक्ला ने बताया कि प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ की सह सचिव वृंदा तांबे थी। मंच पर आयोजन सचिव प्रवीण निरापुरे, मुख्य निर्णायक विमल नायर एवं सहायक मुख्य निर्णायक अजीत बेनर्जी भी उपस्थित थे।






प्रतियोगिता के सभी वर्गों के सुपर लीग के अंतिम परिणाम में सीनियर (पुरुष) वर्ग विजेता अरिंदम देबनाथ, उपविजेता– विशाल डेकाटे 3-0, तृतीय सागर घाटगे सीनियर (महिला) वर्ग विजेता समाया पांडे, उपविजेता प्रज्ञा पाठक 3-1, तृतीय आरना खोटेले, यूथ अंडर-17 (जूनियर) बालक वर्ग विजेता आर्यन सिंह, उपविजेता श्रेष्ठ मिश्रा 3-0 तृतीय – कवीश काला, यूथ अंडर-17 (जूनियर) बालिका वर्ग विजेता समाया पांडे, उपविजेता वेदी कछवाहा 3-1 तृतीय महवीन अंसारी, यूथ अंडर -13 (कैडेट) बालक वर्ग विजेता नीरव तिवारी, उपविजेता अद्विक सिंह 3-2 तृतीय अबीर अग्रवाल, यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालिका वर्ग विजेता महवीन अंसारी,उपविजेता आरना ठाकुर 3-2 तृतीय प्रिशा पाटिल रहे। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक विमल नायर एवं सहायक मुख्य निर्णायक अजीत बेनर्जी थे। इस अवसर पर प्रियंक पांडे, रसीद अंसारी, सोनाली पाटिल, एनआईएस कोच युवराज सिंह, राष्ट्रीय अंपायर प्रिया चावड़ा, यशस्वी धनकर और धवल वर्मा आदि उपस्थित थे।

## शतरंज में देवांश- सावी विजेता

**रायपुर।** जिला शतरंज अकादमी रायपुर के तत्वावधान में आयोजित रायपुर जिला सब जूनियर (अंडर15) चेस चैंपियनशिप का समापन बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम, रायपुर में हुआ। पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह के मुख्य



अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता सुनील रॉय थे। अध्यक्षता टूरनामेंट डायरेक्टर दीपांकर गुप्ता ने की। इस अवसर पर विशेष अतिथि प्रोफेसर विवेक शर्मा एवं राशि गोलुगुरी की गरिमामय उपस्थिति रही। प्रतियोगिता का सफल संचालन इंटरनेशनल आर्बिटर रॉकी देवांगन (मुख्य निर्णायक) तथा फीडे आर्बिटर अनिल शर्मा (उप-मुख्य निर्णायक) के मार्गदर्शन में हुआ।

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 24 से भिलाई में

जिला स्तरीय प्रतियोगिता के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर शीर्ष 4 बालक एवं 4 बालिकाओं का चयन आगामी 24 से 26 जुलाई 2026 तक जैन भवन, सेक्टर-6, भिलाई में आयोजित होने वाली छत्तीसगढ़ स्टेट सब-जूनियर (अंडर15) चेस चैंपियनशिप में रायपुर जिले का प्रतिनिधित्व करने के लिए किया गया है। चयनित खिलाड़ीः बालक वर्ग (टॉप 4)ः देवांश जैन, भव्यम झावर, अहिलान रॉय, एवं मेदा लखित। बालिका वर्ग (टॉप4)ः सावी गौरी, प्रतिष्ठा अहिरवार, सुकृति शर्मा, एवं अद्विका पांडे शामिल हैं।

### शीर्ष परिणाम एवं विजेता सूची जारी

बालिका वर्ग (एफ15) में प्रथम (विजेता) सावी गौरी (3.5 अंक), द्वितीय प्रतिष्ठा अहिरवार (3.5 अंक),तृतीय सुकृति शर्मा (3 अंक), चतुर्थ अद्विका पांडे (3 अंक),पंचम अंशिका मिंज (2.5 अंक), छठा स्थान अनिका रेड्डी गोलुगुरी (2.5 अंक), ओपन वर्ग (अंडर 15) में प्रथम (विजेता) देवांश जैन (4.5 अंक),द्वितीय भव्यम झावर (4 अंक),तृतीय अहिलान रॉय (4 अंक),चतुर्थ मेदा लखित (4 अंक), पंचम विवान रॉय (4 अंक) और छठा अद्वित पांडे (3.5 अंक) रहे।

# बच्चों को अनदेखा कर हर वक्त कॉल या मैसेज में रहना है बड़ी समस्या


### परिवार को नुकसान पहुंचा रही आपकी यह आदत

बच्चों के सामने आपकी लगातार फोन में व्यस्तता उन्हें भावनात्मक रूप से अलग-थलग कर सकती है, उनमें चिड़चिड़ापन बढ़ा सकती है, सामाजिक कौशल में कमी ला सकती है और वे भी ज्यादा स्क्रीन टाइम की ओर आकर्षित हो सकते हैं। ऐसे में, पैरेंट-चाइल्ड के बीच का बॉन्ड कमजोर हो सकता है। अपनी आदत पर ध्यान देना बच्चों के स्वस्थ विकास के लिए बेहद जरूरी है।

स्मार्टफोन हमारी जिंदगी का एक अभिन्न हिस्सा बन गया है। हम लगातार कॉल पर बात करते हैं, मैसेज भेजते हैं, सोशल मीडिया स्क्रॉल करते हैं या ईमेल चेक करते हैं। यह डिजिटल जुड़ाव कई मायनों में सुविधाजनक है, लेकिन जब बात बच्चों की आती है, तो हमारी यह आदत उन्हें अनजाने में बड़ा नुकसान पहुंचा सकती है। माता-पिता जब अपने बच्चों के सामने हर वक्त अपने फोन में व्यस्त रहते हैं, तो इसका असर उनके भावनात्मक, सामाजिक और विकासात्मक पहलुओं पर पड़ सकता है।



ऐसा इसलिए क्योंकि बच्चे अपने आस-पास के माहौल से सीखते हैं और जब वे देखते हैं कि उनके माता-पिता का ध्यान लगातार स्क्रीन पर है, तो यह उनके लिए कई नकारात्मक संदेश देता है।अगर आप भी उन पेरेंट्स में से हैं, जो बच्चों के सामने फोन का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं और जानना चाहते हैं कि आपकी यह आदत कैसे बच्चों को नुकसान पहुंचा रही है, तो यह लेख आपके लिए है। हम आपको यह बताएंगे कि इस आदत से आपके बच्चे किस तरह प्रभावित हो सकते हैं और इसको सुधारना क्यों जरूरी है। नई दिल्ली के आर्टेमिस लाइट एनएफसी के वरिष्ठ सलाहकार एवं प्रमुख मनोचिकित्सा डॉ। राहुल चंडोक से इस बारे में जानते हैं। जब माता-पिता या देखभाल करने वाले बच्चे के सामने लगातार फोन में व्यस्त रहते हैं, तो इसे फोब्बिंग कहते हैं। यह आदत बच्चों के विकास और उनके साथ आपके रिश्ते पर कई नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है, जिसके बारे में आगे बताया गया है।









## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'द बैटमैन पार्ट 2' से पैटिनसन का फर्स्ट लुक आया सामने, रिलीज डेट का भी हुआ ऐलान



डायरेक्टर मैट रीव्स ने 'द बैटमैन पार्ट 2' से रॉबर्ट पैटिनसन का पहला लुक शेयर किया है। साथ ही उन्होंने फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान किया है। जानिए कब सिनेमाघरों में दस्तक देगी फिल्म। 'द बैटमैन पार्ट 2' से रॉबर्ट पैटिनसन का पहला लुक सामने आ गया है। मैट रीव्स ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक छोटा सा टीजर शेयर किया है। टीजर में रॉबर्ट पैटिनसन बैटमैन के लुक में नजर आ रहे हैं। वीडियो की शुरुआत दमदार म्यूजिक से होती है। इसमें बैटमैन की पीठ दिखाई देती है और उनके आसपास बारिश हो रही होती है।

वीडियो में पीछे पुलिस की गाड़ी की फ्लैशिंग लाइट्स भी नजर आती हैं। धीरे-धीरे बैटमैन कैमरे की तरफ मुड़ते हैं। आखिर में वह सीधे आगे देखते हैं और फिर फिल्म का लोगो और नई रिलीज डेट सामने आती है। इससे पहले इस फिल्म को 1 अक्टूबर 2027 को रिलीज किया जाना था।

रॉबर्ट पैटिनसन ने हाल ही में 'द बैटमैन पार्ट 2' के बारे में बात करते हुए इसके स्क्रिप्ट की जमकर तारीफ की। 'द ड्रामा' के प्रीमियर के दौरान उन्होंने कहा, 'इस फिल्म की स्क्रिप्ट शानदार है। मुझे लगता है कि यह एक बहुत ही खास और अलग तरह की फिल्म होगी।'

उन्होंने यह भी बताया कि यह फिल्म 2022 में आई 'द बैटमैन' से काफी अलग दिशा में जाएगी। उन्होंने कहा, 'यह देखना दिलचस्प होगा कि फिल्म कैसी बनती है। इसमें कुछ बड़े और नए एक्सपेरिमेंट किए जा रहे हैं।'

वहीं, ओसवाल्ड 'ओज' कॉब का किरदार निभाने वाले कॉलिन फैरेल ने भी फिल्म की तारीफ की। उन्होंने कहा, 'मैंने स्क्रिप्ट को लेकर मैट से काफी बात की है।

### टॉलीवुड

## राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर ममूटी ने बेटे दुलकर से पूछा सवाल



दुलकर सलमान ने अपने पिता ममूटी को राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने पर बधाई दी है। इस पर उनके पिता ने उनसे सवाल पूछा है। मलयालम सिनेमा के दिग्गज कलाकार ममूटी को फिल्म 'ब्रमायुगम' में उनकी शानदार अदाकारी के लिए 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला है। इस सम्मान के साथ ममूटी ने अपना चौथा राष्ट्रीय पुरस्कार जीता है। इससे भारतीय सिनेमा में उनका कद और बड़ा हो गया है। विजेता के तौर पर उनका नाम घोषित होने पर उनके बेटे और अभिनेता दुलकर सलमान ने उन्हें बधाई दी। इस पर ममूटी ने उनसे एक सवाल पूछा है। दुलकर सलमान ने अपने पिता ममूटी को पुरस्कार दिए जाने पर खुशी जताई। उन्होंने इंस्टाग्राम पर उनकी एक तस्वीर शेयर करते हुए लिखा 'एक और पुरस्कार? वाह पापा! यह आपका चौथा पुरस्कार है।!' इसके बाद उन्होंने मजाक में दोनों के बीच की बातचीत की कल्पना की और लिखा कि उनके पिता ने उनसे पूछा 'तुमने कितने पुरस्कार जीते? खैर कोई बात नहीं। कोई दबाव भी नहीं। तुम बस अपना काम करते रहो।' इस बीच मलयालम के सुपरस्टार मोहनलाल ने भी ममूटी को इस उपलब्धि पर बधाई दी। वहीं दिग्गज कलाकार कमल हासन ने भी ममूटी को पुरस्कार मिलने पर बधाई दी।

आपको बता दें कि राहुल सदाशिवन के निर्देशन में बनी फिल्म 'ब्रमायुगम' एक लोक-कथा वाली हॉरर फिल्म है। यह फिल्म ब्लैक एंड व्हाइट में शूट की गई है। इसमें ममूटी ने कोडुमोन पोटी का किरदार निभाया है। वह एक रहस्यमयी सामंती मालिक हैं, जिनकी डरावनी हवेली एक रोमांचक मनोवैज्ञानिक लड़ाई का केंद्र बनती है। खतरनाक पोटी के तौर पर ममूटी की अदाकारी की तारीफ हुई है।

### भोजपुरी

## धनाश्री ने अक्षरा संग किया गजब डांस, लोग बोले- दोनों तबाही



युजवेंद्र चहल की एक्स वाइफ धनाश्री वर्मा और भोजपुरी स्टार अक्षरा सिंह के डांस ने सोशल मीडिया पर गदर काट रखी है। दोनों को इस तरह साथ डांस करते देख लोगों ने कहा है- तबाही परफॉर्मेंस, एक यूजर ने लिखा- फायर हैं ये दोनों। डांस कोरियोग्राफर धनाश्री वर्मा एक बार फिर चर्चा में हैं। हालांकि इस बार वो अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर नहीं, बल्कि उनके नया डांस वीडियो लोगों का ध्यान खींच रहा है। भोजपुरी इंडस्ट्री की मशहूर एक्ट्रेस अक्षरा सिंह के साथ उन्होंने सुपरहिट गाने 'छम्मा-छम्मा' पर शानदार डांस किया है। दोनों की एनर्जी, एक्सप्रेशन और बेहतरीन तालमेल ने सोशल मीडिया यूजर्स का दिल जीत लिया है। यही वजह है कि यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है और लोग इसे खूब पसंद कर रहे हैं। अक्षरा सिंह इन दिनों अपने करियर में लगातार आगे बढ़ रही हैं। हाल ही में 'वेलकम टू द जंगल' में अक्षरा अक्षय कुमार के साथ डांस करती नजर आईं। इसी बीच धनाश्री वर्मा के साथ उनका यह डांस वीडियो सामने आया है, जिसमें दोनों एक जैसे आउटफिट में दिखाई दे रही हैं। उनके स्टेप्स और शानदार परफॉर्मेंस ने वीडियो को और भी खास बना दिया है। वीडियो शेयर करते हुए धनाश्री वर्मा ने लिखा कि कुछ गाने ऐसे होते हैं, जिनकी पॉप्युलैरिटी कभी कम नहीं होती और वक्त के साथ उनकी यादें और भी खास बन जाती हैं। उन्होंने इस पोस्ट में उर्मिला मातोंडकर को टैग करते हुए उनके आइकॉनिक डांस की तारीफ भी की।

## लाइफ स्टाइल

### भारतीय प्रिंट का जलवा

"भारत बेहतरीन टेक्सटाइल और हैंडलूम विरासत वाला देश है। जयपुर के ब्लॉक प्रिंट बारीकी और परंपरा की पहचान हैं। हर प्रिंट का अपना खास महत्व होता है। इनमें आम तौर पर इंसानी आकृतियाँ, मोर, ऊँट और गाँव के दृश्य जैसे डिज़ाइन होते हैं। इस तकनीक की क्रिएटिविटी ही है जो सभी महिलाओं को अपनी ओर खींचती है।



## बालों की हर परेशानी होगी खत्म होगी इन दो मास्क से

लगातार बढ़त प्रदूषण आर खराब खान-पान का सांधा असर लागा क बालों पर दिखने लगा है। इनकी वजह से हर दूसरा व्यक्ति बालों के रूखेपन, तेज हेयर फॉल, डैंड्रफ और दोमुंहे बालों से परेशान रहने लगा है। आज के समय में तो ये सब आजकल आम समस्याएं बन चुकी हैं। बहुत से लोगों को लगता है कि महंगे हेयर केयर प्रोडक्ट आपको फायदा पहुंचाएंगे, लेकिन केमिकल से भरपूर प्रोडक्ट्स से ज़्यादा असर नहीं होता, उल्टा नुकसान हो सकता है। ऐसे में अगर आप घरेलू प्राकृतिक हेयर पैक ट्राई करना चाहते हैं तो ये लेख आपके लिए सबसे सही है। दरअसल, इन दो हेयर मास्क से बालों की कई दिक्कतें चुटकियों में दूर हो सकती हैं।



### पहला हेयर मास्क

पहले हेयर मास्क को बनाने के लिए आपको 2 चम्मच दही, 1 चम्मच मेथी पाउडर या रातभर भीगी हुई मेथी और 1 चम्मच नींबू का रस चाहिए होगा।

### हेयर मास्क बनाने का तरीका

अब अगर ये तैयार करना चाहते हैं तो सबसे पहले तो सभी सामग्री को मिलाकर पेस्ट बना लें। इसके बाद इस पेस्ट को अपने बालों के सिरों से लेकर स्कैल्प पर अप्लाई करें। अब इसे कम से कम एक घंटे तक लगा रहने दें। 30–40 मिनट बाद माइल्ड शैंपू से धो लें। इससे आपके बालों को अवश्य ही फायदा होगा। डैंड्रफ कम करता है बालों का झड़ना रोकता है स्कैल्प को ठंडक मिलती है

### दूसरा हेयर मास्क

इस हेयर मास्क को बनाने के लिए आपको 2 चम्मच एलोवेरा जेल, 1 चम्मच आंवला पाउडर और 1 चम्मच नारियल तेल की जरूरत पड़ेगी। इसे बनाने के लिए सबसे पहले तो सभी सामग्री मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बनाएं। इब इस पेस्ट को अपने बालों की जड़ों में अच्छी तरह लगाएं और हल्के हाथों से मालिश करें। इसे आप कम से कम एक घंटे तक ऐसे ही रख सकते हैं। एक घंटे के बाद जब आप अपने बालों को धोएंगे तो इसका असर देखने को मिलेगा। मिलेंगे ये फायदे बालों की ग्रोथ तेज होती है बालों में नैचुरल चमक आती है झड़ने से रोकता है और मोटा बनाता है।

## ब्लू स्किन केयर ट्रेंड को आजमा कर देखिए



समय के साथ-साथ स्किन केयर के नये-नये ट्रेंड बाजार में आते रहते हैं। आज-कल ब्लू स्किन केयर ट्रेंड में है, जिसके बारे में हम आपको बताने जा रहे हैं। आजकल ब्यूटी और स्किन केयर इंडस्ट्री में एक नया और तेजी से पॉपुलर हो रहा ट्रेंड है, जिसका नाम है ब्लू स्किन केयर। सोशल मीडिया पर इससे जुड़े हैशटैग्स ट्रेंड कर रहे हैं। ऐसे में हर किसी के जहन में ये सवाल आना बेहद स्वाभाविक है कि आखिर क्या है ये ब्लू स्किनकेयर? और क्यों इसे स्किनकेयर की दुनिया का अगला बड़ा ट्रेंड माना जा रहा है? यहां इस लेख में हम आपको इसी बारे में जानकारी देंगे। इस स्किन केयर को फॉलो करके आप भी गर्मी और बारिश के मौसम में दमकती त्वचा पा सकते हैं।





### क्या होता है ब्लू स्किन केयर ?

सबसे पहले जान लेते हैं कि आखिर ब्लू स्किन केयर होता क्या है ? तो पहले जान लें कि ब्लू स्किन केयर में ब्लू टेंशन रिलीविंग, कूलिंग या हीलिंग तत्व पाए जाते हैं। इनका रंग सामान्य तौर पर हल्का नीला या फिर पारदर्शी नीला होता है। ये गर्मी और बारिश के मौसम में सबसे काम आता है, क्योंकि ये स्किन को हाइड्रेट रखने का काम करता है।

### ब्लू स्किन केयर में पाए जाने वाले तत्व

इस स्किन केयर में जो भी प्रोडक्ट्स पाए जाते हैं, उनमें मुख्यतः समुद्री तत्व पाए जाते हैं। इन तत्वों में ब्लू टैंसी ऑयल, ब्लू एजुलीन, सी वीड, नीलोत्पल और ब्लू कैमोमाइल शामिल हैं।

### ब्लू स्किनकेयर किसके लिए है?


जिन लोगों की त्वचा सेंसिटिव, डिहाइड्रेटेड या इनफ्लेम्ड है, उनके लिए ये स्किन केयर कम आएगा। इसके अलावा जो लोग प्राकृतिक और कूलिंग इफेक्ट वाले स्किन प्रोडक्ट्स की तलाश में हैं। साथ-साथ जिनकी स्किन प्रदूषण और हीट से परेशान रहती है।

## डार्क सर्कल्स कम करने के लिए घर पर बनाएं क्रीम

क्या सही नींद लेने और आराम करने के बाद भी आपके डार्क सर्कल्स बने हुए हैं? क्या डार्क सर्कल्स की वजह से चेहरे का नूर जा चुका है? आपको घर पर बनी ऐसी क्रीम का नुस्खा जानना चाहिए, जिससे आपको जल्द ही फर्क दिखेगा। अब हर बार महंगे अंडर-आई क्रीम्स खरीदना भी पॉकेट पर भारी पड़ सकता है और उनमें मौजूद केमिकल्स कभी-कभी स्किन को नुकसान भी पहुंचा सकते हैं। ऐसे में जरूरत है एक ऐसे प्राकृतिक और असरदार उपाय की जो आपकी आंखों को राहत भी दे और त्वचा को पोषण भी। इस लेख में हम बताएंगे कैसे आप अपने घर में ही कुछ साधारण और नेचुरल चीजों से एक बेहतरीन होममेड अंडर-आई क्रीम बना सकती हैं, जो कुछ ही दिनों में डार्क सर्कल्स को कम कर त्वचा को निखार और तरोताजगी देगी। आइए आप भी जान लीजिए घर पर आई-क्रीम बनाने का तरीका क्या है?

### डार्क सर्कल्स के पीछे की वजहें

डार्क सर्कल्स केवल थकान की निशानी नहीं हैं। इनके पीछे कई कारण हो सकते हैं जैसे



नींद की कमी या खराब नींद,आंखों को बार-बार रगड़ना,एलर्जी या आंखों में जलन,आनुवंशिक कारण,धूप के संपर्क में आकर पिग्मेंटेशन बढ़ना और खानपान में पोषक तत्वों की कमी शामिल है।

### घर पर बनाएं अंडर-आई क्रीम

इस होममेड क्रीम को बनाने में कुछ खास सामग्री की जरूरत होगी, जो आपको आसानी से आपकी रसोई या किराना स्टोर में मिल जाएंगी।

## ऑफिस के लिए हर तरह के आउटफिट के साथ खास इयररिंग

अगर आप ऑफिस में एक जैसे इयररिंग पहनकर जाती हैं और अब कुछ यूनिक ट्राई करने का सोच रही है, तो आपको कुछ ऐसे पर्ल इयररिंग्स डिजाइन के बारे में जानना चाहिए, जिन्हें ट्राई कर आप बला की खूबसूरत लग सकती हैं।

### पर्ल गोल्ड डेंगल इयररिंग

अगर आप ऑफिस में एक जैसे इयररिंग पहनकर जाती हैं और अब कुछ यूनिक ट्राई करने का सोच रही है, तो आप किसी भी आउटफिट के साथ इस खूबसूरत पर्ल गोल्ड डेंगल इयररिंग को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के इयररिंग आपको गॉर्जियस और एलिगेंट टच देने में मदद करेंगे। आप इन्हें ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

### रूबी गोल्ड पर्ल डेंगल इयररिंग

अगर आप अपने ऑफिस में किसी भी तरह के आउटफिट को पहनकर जाने वाली है, तो अपने लुक को क्लासी टच देने के लिए आप इस खूबसूरत रूबी गोल्ड पर्ल डेंगल इयररिंग को ट्राई कर सकती है। इस तरह के इयररिंग आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल सकते हैं। इन्हें पहनकर आप अपने लुक को भीड़ से हटकर बना सकती हैं।



### गोल्ड पर्ल हूप इयररिंग्स

यही नहीं आप चाहे तो इस खूबसूरत गोल्ड पर्ल हूप इयररिंग्स को भी ट्राई कर सकती है। इस तरह की इयररिंग आपके चेहरे की खूबसूरती में चार चांद लगा देंगे और आपको डिफरेंट लुक देने में मदद करेंगे। आप इन्हें किसी भी आउटफिट के साथ शामिल कर अपने लुक को गॉर्जियस बना सकती हैं। आपको ऐसे पर्ल हूप इयररिंग डिजाइन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल सकते हैं।

### कार्नर न्यूज

### अपने लुक को गॉर्जियस बनाने अपनाएं इन आउटफिट को

## प्लस-साइज लड़कियों के लिए बेस्ट आउटफिट आइडियाज, काले रंग में दिखें स्लिम और स्टाइलिश

आज हम आपको कुछ ऐसे ब्लैक कलर के आउटफिट बताएंगे, जिन्हें पहनकर आप स्लिम दिख सकती हैं साथ ही अपने लुक को गॉर्जियस भी बना सकती हैं। अधिकतर महिलाएं अपने बढ़ते शरीर की वजह से अपने पसंदीदा आउटफिट नहीं पहन पाती है और इससे वह हमेशा उदास रहती हैं, लेकिन अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं हैं। यह खबर आपके लिए खास हो सकती है। आज हम आपको कुछ ऐसे ब्लैक कलर के आउटफिट बताएंगे, जिन्हें पहनकर आप स्लिम दिख सकती हैं साथ ही अपने लुक को गॉर्जियस भी बना सकती हैं।

### ब्लैक फ्लेयर्ड प्लस साइज ड्रेस

अगर आपकी सोसाइटी में किटी पार्टी का प्लान है या आप अपने दोस्तों के साथ कहीं घूमने जाने वाली है और ऐसे में आउटफिट को लेकर परेशान है, तो आपके लिए यह खूबसूरत ब्लैक फ्लेयर्ड प्लस साइज ड्रेस एक बेस्ट ऑप्शन हो सकती है। ऐसी ड्रेस आपको हर साइज में मिल जाएगी। इसे आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं। इस



तरह की ड्रेस आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देगी।

### हेल्टर नेक एंब्रायडरी प्लस साइज ड्रेस

अगर आपका वजन ज्यादा है और ऐसे में आप पहनने के लिए आउटफिट सिलेक्ट नहीं कर पाती है या प्लस साइज आउटफिट को खोजने में मुश्किलों का सामना करती है, तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप इस खूबसूरत हेल्टर नेक एंब्रायडरी प्लस साइज ड्रेस को ट्राई कर सकती है। इस ड्रेस के साथ आप ब्लैक कलर की हिल्स या शूज भी शामिल कर अपने लुक को कंप्लीट कर सकती ह

### टायर्ड प्लस साइज ड्रेस

अगर आप अपने ऑफिस में डिफरेंट लुक क्रिएट कर जाना चाहती हैं और ऐसे में आउटफिट तलाश रही है, तो आपके लिए यह ब्लैक टायर्ड प्लस साइज ड्रेस एक बेस्ट ऑप्शन हो सकती है। इस तरह की ड्रेस भी आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल सकती है। इसे आप अपनी साइज के हिसाब से खरीद सकती हैं। अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए इस ड्रेस के साथ आप एक्सेसरीज और मेकअप कर सकती हैं।

### ब्लैक फ्लोरल प्लस साइज मैक्सी ड्रेस

अगर आप प्लस साइज वूमेन के हिसाब से कोई खास ड्रेस तलाश रही है, तो अब आप इस खूबसूरत ब्लैक फ्लोरल प्लस साइज मैक्सी ड्रेस को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस में आप अपने फिगर को गॉर्जियस बना सकती है और मोटापे को छुपा सकती है। ऐसी ड्रेस आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल जाएगी।

